ॐ ह्रीं कुशास्त्रसेवक दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ९॥

आठ-मद

(हाकलिका)

कुल-मद से संसार दुखी, आतम कैसे बने सुखी।
शान्तिनाथ मद दूर करो, हमको सुखी जरूर करो॥
ॐ ह्रीं कुल-मद दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १०॥

यहाँ जाति-मद सब चाहें, अतः मिली दुखी की राहें।
शान्तिनाथ मद दूर करो, हमको सुखी जरूर करो॥
ॐ ह्रीं जाति-मद दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ११॥

सभी रूप-मद के भोगी, बन न सके आतम योगी।
शान्तिनाथ मद दूर करो, हमको सुखी जरूर करो॥
ॐ ह्रीं रूप-मद दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १२॥

किसे ज्ञान-मद ना भाए, सो निज ज्ञान न हो पाए।
शान्तिनाथ मद दूर करो, हमको सुखी जरूर करो॥
ॐ ह्रीं ज्ञान-मद दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १३॥

धन-मद का जग दीवाना, सो निज धन से अनजाना।
शान्तिनाथ मद दूर करो, हमको सुखी जरूर करो॥
ॐ ह्रीं धन-मद दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १५॥

बल-मद से जग नाँच रहा, दुख की पत्री वाँच रहा।
शान्तिनाथ मद दूर करो, हमको सुखी जरूर करो॥
ॐ ह्रीं बल-मद दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १६॥

तप-मद हरें तपस्याएँ, कर दें खड़ी समस्याएँ।
शान्तिनाथ मद दूर करो, हमको सुखी जरूर करो॥
ॐ ह्रीं तप-मद दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १७॥

प्रभुता का मद खूब चढ़ा, जिससे बस संसार बढ़ा।
शान्तिनाथ मद दूर करो, हमको सुखी जरूर करो॥
ॐ ह्रीं प्रभुता-मद दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १८॥

आठ-शंकादि दोष

(जोगीरासा)

जिनशासन में शंका करना, कार्य नहीं हितकारी।
इसी भाव से विकृत होती, निज तस्वीर हमारी॥
शंका नामक दोष नशाने, तीर्थंकर को ध्याएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख शान्ति सब पाएँ॥
ॐ ह्रीं शंका दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १८॥

मोक्षमार्ग में भव-भोगों की, चाहत धर्म नशाए।
इसी भाव से निज की चाहत, पूरी ना हो पाए॥
कांक्षा नामक दोष नशाने, तीर्थंकर को ध्याएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख शान्ति सब पाएँ॥
ॐ ह्रीं कांक्षा दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १९॥

धर्म तथा धर्मात्मा जन से, करना ईर्ष्या ग्लानि।
इसी भाव से अपनी बढ़ती, दुख की कर्म कहानी॥
विचिकित्सा का दोष नशाने, तीर्थंकर को ध्याएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख शान्ति सब पाएँ॥

ॐ ह्रीं विचिकित्सा दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २०॥

मिथ्या मत की परम्परा में, पागल से हो जाना।
इसी भाव से अपना वैभव, हमको स्वयं गँवाना॥
मूढ़दृष्टि का दोष नशाने, तीर्थंकर को ध्याएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख शान्ति सब पाएँ॥

ॐ ह्रीं मूढ़दृष्टि दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २१॥

अपने दोष अन्य के गुण को, जो जन सदा छिपाएँ।
निज गुण, दोष अन्य के कहते, वो संसार बढाएँ॥
अनुपगूहन का दोष नशाने, तीर्थंकर को ध्याएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख शान्ति सब पाएँ॥

ॐ ह्रीं अनुपगूहन दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २२॥

व्रत संयम के साधक जन को, पद से निम्न गिराना।
इसी भाव से नरक बिलों में, आतम रत्न गुमाना॥
अस्थितिकरण नामक दोष नशाने, तीर्थंकर को ध्याएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख शान्ति सब पाएँ॥

ॐ ह्रीं अस्थितिकरण दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २३॥

सहधर्मी से ईर्ष्या करके, उनको ना अपनाना।
दोषारोपण कर अपने से, नीचा उन्हें दिखाना॥
अवात्सल्य का दोष नशाने, तीर्थंकर को ध्याएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख शान्ति सब पाएँ॥

ॐ ह्रीं अवात्सल्य दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २४॥

देव शास्त्र गुरु धर्म जाति के, योग्य कार्य ना जो हों।
जिनसे होती निंदा हिंसा, कलंक कारक जो हों॥
अप्रभावना का दोष नशाने, तीर्थंकर को ध्याएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख शान्ति सब पाएँ॥

ॐ ह्रीं अप्रभावना दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २५॥

सप्त-व्यसन

(लघु चौपाई)

जुआ व्यसन का करके त्याग, भक्ति सुधा धारें वैराग्य।
शान्तिनाथ देना आशीष, नमोऽस्तु कर हम टेकें शीश॥

ॐ ह्रीं जुआ दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २६॥

चौर्य व्यसन का करके त्याग, चिदानंद का सीचें बाग।
शान्तिनाथ देना आशीष, नमोऽस्तु कर हम टेकें शीश॥

ॐ ह्रीं चौर्य दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २७॥

मद्यपान का करके त्याग, आतम रस का चख लें स्वाद।
शान्तिनाथ देना आशीष, नमोऽस्तु कर हम टेकें शीश॥

ॐ ह्रीं मद्यपान दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २८॥

परस्त्री का रमना त्याग, निज रमणी से कर लें राग।
शान्तिनाथ देना आशीष, नमोऽस्तु कर हम टेकें शीश॥

ॐ ह्रीं परस्त्रीरमण दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २९॥

वेश्यागमन दोष को त्याग, आतम का हर डालें दाग।
शान्तिनाथ देना आशीष, नमोऽस्तु कर हम टेकें शीश॥

ॐ ह्रीं वेश्यागमन दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३०॥

मांस-भोज्य का दूषण त्याग, वीतरागता हो सौभाग्य।
शान्तिनाथ देना आशीष, नमोऽस्तु कर हम टेकें शीश॥

ॐ ह्रीं मांसभोज्य दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३१॥

शिकार की हिंसा को त्याग, जले अहिंसा धर्म चिराग।
शान्तिनाथ देना आशीष, नमोऽस्तु कर हम टेकें शीश॥

ॐ ह्रीं शिकार दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३२॥

पूर्णार्घ्य

(हरिगीतिका)

निर्दोष हों निर्मुक्त हों, सारे व्यसन हर कर्म से।
संयुक्त हों संतुष्ट हों, आतम सगुण सद्धर्म से॥
मेरा तुम्हारा और सबका, हो सदा शुभ मंगलं।
हे! शान्तिनाथ जिनेन्द्र कर दो, मंगलम् शुभ मंगलं॥

ॐ ह्रीं द्वात्रिंशत् गुण सहित सर्वविघ्नशान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय पूर्णार्घ्यं...।

(जाप्यमंत्र)

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः।

अथवा

ॐ ह्रीं जगच्छांतिकराय श्री शान्तिनाथाय नमः सर्वोपद्रव शान्तिं कुरु-कुरु स्वाहा।

[इसके बाद पेज नं. २१५ पर जयमाला करके विधान पूर्ण करें।]

॥ इति श्री द्वात्रिंशत् गुण सहित श्री शान्तिनाथ विधान सम्पूर्णम्॥

तेरी दो आँखें
तेरी ओर हजार
सतर्क हो जा

५. श्री शान्तिनाथ विधान (४०-अर्घ्य)

आठ मूलगुण

(सखी)

कर मद्यत्याग कल्याणी, नित धरें मूलगुण प्राणी।
साकार करें सब सपने, श्री शान्तिनाथजी अपने॥

ॐ ह्रीं मद्य दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १॥

कर मांस त्याग कल्याणी, नित धरें मूलगुण प्राणी।
साकार करें सब सपने, श्री शान्तिनाथजी अपने॥

ॐ ह्रीं मांस दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २॥

मधु त्याग करें कल्याणी, नित धरें मूलगुण प्राणी।
साकार करें सब सपने, श्री शान्तिनाथजी अपने॥

ॐ ह्रीं मधु दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३॥

फल पंच उदम्बर त्यागें, नित धरें मूलगुण जागें।
साकार करें सब सपने, श्री शान्तिनाथजी अपने॥

ॐ ह्रीं पंच-उदम्बरफल दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४॥

सब रात्रि भोजन त्यागें, नित धरें मूलगुण जागें।
साकार करें सब सपने, श्री शान्तिनाथजी अपने॥

ॐ ह्रीं रात्रिभोजन दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५॥

व्रत जीव दया को पालें, नित धरें मूलगुण ध्या लें।
साकार करें सब सपने, श्री शान्तिनाथजी अपने॥

ॐ ह्रीं हिंसा दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६॥

हम करें देव दर्शन को, नित धरें मूलगुण धन को।
साकार करें सब सपने, श्री शान्तिनाथजी अपने॥

ॐ ह्रीं अदर्शन दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७॥

हम पिएँ छानकर पानी, नित धरें मूलगुण ज्ञानी।
साकार करें सब सपने, श्री शान्तिनाथजी अपने॥

ॐ ह्रीं क्रिया दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ८॥

बत्तीस कृतिकर्म दोष

(जोगीरासा)

हाथों से घुटनों से पीड़ित, करके कर्म करें जो।
पर पीड़ित का दोष लगाकर, दोषी धर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं परपीड़ित दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ९॥

हाथ अँगूठे से ललाट को, पीड़ित कर्म करें जो।
यही अंकुशित दोष लगाकर, दोषी धर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं अंकुशित दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १०॥

अपनी ऊपर कमर उठाकर, चंचल कर्म करें जो।
मत्स्य नाम का दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं मत्स्योद्वर्त दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ११॥

दोनों हाथों व घुटनों का, बंधन कर्म करें जो।
वेदी नामक दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं वेदिकाबद्ध दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १२॥

गुरु आदिक से डर-डरकर के, अपने कर्म करें जो।
विनय नाम का दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं विनयत्व दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १३॥

खुद को ऊँचा बड़ा मानकर, वंदन कर्म करें जो।
गौरव नामक दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं गौरव दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १४॥

गुरु-आज्ञा को पूर्ण भंगकर, वंदन कर्म करें जो।
प्रतिनीति का दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं प्रतिनीति दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १५॥

आचार्यों की डाँट-डपट सुन, वंदन कर्म करें जो।
तर्जित नामक दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं तर्जित दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १६॥

आचार्यों की अविनय करके, वंदन कर्म करें जो।
हीलित नामक दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं हीलित दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १७॥

हाथों से सिर संकोचित कर, वंदन कर्म करें जो।
कुंचित नामक दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं कुंचित दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १८॥

करके बिन मन से पाठों को, वंदन कर्म करें जो।
अदृष्ट नामक दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं अदृष्ट दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १९॥

उपकरणों को पूरे पाकर, वंदन कर्म करें जो।
आलब्ध नामक दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं आलब्ध दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २०॥

उपकरणों की आशा रखकर, वंदन कर्म करें जो।
अनालब्ध यह दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं अनालब्ध दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २१॥

गूँगे जैसे करके वंदन, वंदन कर्म करें जो।
मूक नाम का दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं मूक दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २२॥

अपनी उँगली घुमा-घुमाकर, वंदन कर्म करें जो।
चुलुलित नामक दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं चुलुलित दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २३॥

आदर वा उत्साह बिना ही, वंदन कर्म करें जो।
यही अनादृत दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं अनादृत दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २४॥

विद्या पा उद्दण्ड भाव से, वंदन कर्म करें जो।
स्तब्ध नाम का दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं स्तब्ध दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २५॥

परमेष्ठी के पास बैठकर, वंदन कर्म करें जो।
प्रविष्ट नामक दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं प्रविष्ट दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २६॥

झूल-झूलकर झूला जैसे, वंदन कर्म करें जो।
दोलायित का दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं दोलायित दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २७॥

कछुए सम अंगों को करके, वंदन कर्म करें जो।
कच्छप परिगित दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं कच्छप-परिगित दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २८॥

द्वेष भाव मन विकृत करके, वंदन कर्म करें जो।
मनोदुष्ट का दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं मनोदुष्ट दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २९॥

डर-डरकर के घबराकर के, वंदन कर्म करें जो।
भय नामक यह दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं भय दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३०॥

संघ पूज्य हों इस आशा से, वंदन कर्म करें जो।
ऋद्धि-गौरव दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं ऋद्धि-गौरव दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३१॥

चोरी-चोरी छिप-छिपकर के, वंदन कर्म करें जो।
स्तेनित का दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं स्तेनित दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३२॥

करके कलह क्षमा ना करके, वंदन कर्म करें जो।
प्रदुष्ट नाम का दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं प्रदुष्ट दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३३॥

मौन छोड़कर शब्द बोलकर, वंदन कर्म करें जो।
शब्द नाम का दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं शब्द दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३४॥

अपनी गर्दन कमर मोड़कर, वंदन कर्म करें जो।
त्रिवलित नामक दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं त्रिवलित दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३५॥

दिखा-दिखाकर गुरु आदि को, वंदन कर्म करें जो।
दुष्ट नाम का दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं दुष्ट दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३६॥

मुझसे संघ न रूठे इससे, वंदन कर्म करें जो।
दोष संघ-करमोचन द्वारा, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं संघ-करमोचन दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३७॥

शास्त्र काल के प्रमाण के बिन, वंदन कर्म करें जो।
हीन नाम का दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं हीन दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३८॥

नियतकाल से अल्पकाल में, वंदन कर्म करें जो।
उत्तरचूलिका दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं उत्तरचूलिका दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३९॥

चींख-चींखकर ऊँचे स्वर में, वंदन कर्म करें जो।
दुर्दुर नामक दोष लगाकर, दोषी कर्म करें वो॥
शान्तिनाथ की भक्ति अर्चना, सारे दोष नशाएँ।
अर्घ्य चढ़ा हम करें नमोऽस्तु, स्वामी शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं दुर्दुर दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४०॥

पूर्णार्घ्य

(हरिगीतिका)

नित शांत और प्रशांत हों तज, दोष को हर कर्म को।
सुख-शान्ति हो नव क्रांति हो, छाया मिले चैतन्य को॥
मेरा तुम्हारा और सबका, हो सदा शुभ मंगलं।
हे! शान्तिनाथ जिनेन्द्र कर दो, मंगलं शुभ मंगलं॥

ॐ ह्रीं चत्वारिंशत् गुण सहित सर्वविघ्नशान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय पूर्णार्घ्यं...।

(जाप्यमंत्र)

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः।

अथवा

ॐ ह्रीं जगच्छांतिकराय श्री शान्तिनाथाय नमः सर्वोपद्रव शान्तिं कुरु-कुरु स्वाहा।

[इसके बाद पेज नं. २१५ पर जयमाला करके विधान पूर्ण करें।]

॥ इति श्री चत्वारिंशत् गुण सहित श्री शान्तिनाथ विधान सम्पूर्णम्॥

भजन

हे! स्वामी तेरी पूजा करूँ मैं-२,
हर पल तेरी अर्चा करूँ मैं॥
सावन का महीना होगा, उसमें होगी राखी।
विष्णु मुनि जैसी सेवा करूँ मैं, हर पल...॥१॥
भादों का महीना होगा, उसमें होगी वारिश।
दसलक्षण की चर्चा करूँ मैं, हर पल...॥२॥
कार्तिक का महीना होगा, उसमें होगी दीवाली।
वीर प्रभु जैसी मुक्ति वरूँ मैं, हर पल...॥३॥
फागुन का महीना होगा, उसमें होगी होली।
अष्टाह्निक के रंग रंगूँ मैं, हर पल...॥४॥
वैशाख का महीना होगा, उसमें होगी अख-ती।
राजा श्रेयांस-सोम सा दान करूँ मैं, हर पल...॥५॥
आषाढ़ का महीना होगा, उसमें होगा चौमासा।
विद्या गुरु की भक्ति करूँ मैं, हर पल...॥६॥

६. श्री शान्तिनाथ विधान (४८-अर्घ्य)

अड़तालीस ऋद्धिमंत्र सहित

(लय–माता तू दया करके...)

जय कर्म इन्द्रियाँ कर, जो पूज्य हुए जिनवर।
श्री शान्तिनाथ प्रभु को, हम खुश हैं नमोऽस्तु कर॥
ॐ ह्रीं णमो जिणाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१॥

जब अवधिज्ञान पाए, तो धर्म दिए हितकर।
श्री शान्तिनाथ प्रभु को, हम खुश हैं नमोऽस्तु कर॥
ॐ ह्रीं णमो ओहिजिणाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२॥

परमावधि ज्ञान किए, परमातम में वस कर।
श्री शान्तिनाथ प्रभु को, हम खुश हैं नमोऽस्तु कर॥
ॐ ह्रीं णमो परमोहिजिणाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३॥

सर्वावधि ऋद्धि पा, सुख शान्ति दिए भर-भर।
श्री शान्तिनाथ प्रभु को, हम खुश हैं नमोऽस्तु कर॥
ॐ ह्रीं णमो सव्वोहिजिणाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४॥

गुण अनन्तावधि पाकर, आतम के गुण गाकर।
श्री शान्तिनाथ प्रभु को, हम खुश हैं नमोऽस्तु कर॥
ॐ ह्रीं णमो अणंतोहिजिणाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५॥

(लघु चौपाई)

कोष्टबुद्धि का पाकर सार, सबको दिए शान्ति भण्डार।
हम नमोऽस्तु करते धर ध्यान, जय-जय शान्तिनाथ भगवान॥
ॐ ह्रीं णमो कोट्ठबुद्धीणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६॥

बीज बुद्धि का पा आलोक, स्वामी हरें जगत के शोक।
हम नमोऽस्तु करते धर ध्यान, जय-जय शान्तिनाथ भगवान॥
ॐ ह्रीं णमो बीजबुद्धीणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७॥

पदानुसारी पाकर धाम, शान्ति बनाएँ सबके काम।
हम नमोऽस्तु करते धर ध्यान, जय-जय शान्तिनाथ भगवान॥

ॐ ह्रीं णमो पदाणुसारीणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८॥

संभिन्नस्त्रोतृ पाकर ज्ञान, स्वामी करें जगत कल्याण।
हम नमोऽस्तु करते धर ध्यान, जय-जय शान्तिनाथ भगवान॥

ॐ ह्रीं णमो संभिण्णसोदाराणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९॥

स्वयंबुद्ध से धर वैराग्य, शान्ति जगाएँ सबके भाग्य।
हम नमोऽस्तु करते धर ध्यान, जय-जय शान्तिनाथ भगवान॥

ॐ ह्रीं णमो सयंबुद्धाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०॥

(जोगीरासा)

रंग-बिरंगे जगत नजारे, हमको खूब लुभाएँ।
शान्तिनाथजी जगत त्याग कर, शुद्धातम चमकाएँ॥
तीर्थंकर प्रत्येकबुद्ध जी, शान्तिनाथ कहलाएँ।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी, हमको शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं णमो पत्तेयबुद्धाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११॥

पर से पाकर गुण शिक्षाएँ, जीते सभी परीक्षा।
शुद्ध-बुद्ध एकत्व चेतना, ध्याने देते दीक्षा॥
बोधितबुद्ध देव तीर्थंकर, शान्तिनाथ कहलाएँ।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी, हमको शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं णमो बोहियबुद्धाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१२॥

अपने पर के सरल विषय जो, मन के जान रहा हो।
फिर भी उनमें कभी न रमता, सम्यग्ज्ञान रहा वो॥
ज्ञान मनःपर्यय-ऋजुमति धर, शान्तिनाथ कहलाएँ।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी, हमको शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं णमो उजुमदीणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१३॥

अपने पर के कुटिल विषय जो, मन के जान रहा हो।
फिर भी उनमें कभी न रमता, सम्यग्ज्ञान रहा वो॥
ज्ञान विपुलमति मनःपर्यय धर, शान्तिनाथ कहलाएँ।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी, हमको शान्ति दिलाएँ॥

ॐ ह्रीं णमो विउलमदीणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१४॥

(हाकलिका)

दस पूर्वों के जो ज्ञाता, भक्तों को दें सुख साता।
दस पूर्वी अखियाँ खोलो, शान्तिनाथ की जय बोलो॥

ॐ ह्रीं णमो दसपुव्वियाणं (दसपुव्वीणं) श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१५॥

चौदहपूर्वी ऋद्धि धरें, भक्तों की समृद्धि करें।
चौदह पूर्वी सुख तो लो, शान्तिनाथ की जय बोलो॥

ॐ ह्रीं णमो चउदसपुव्वियाणं (चउदसपुव्वीणं) श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१६॥

जो अष्टांगनिमित्त धरें, खुद को पर को मुक्त करें।
कुशल मंत्र चेतन धो लो, शान्तिनाथ की जय बोलो॥

ॐ ह्रीं णमो अट्ठंगमहाणिमित्तकुसलाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १७॥

अणिमा आदिक ऋद्धि धरें, निज-पर का उद्धार करें।
ऋद्धि विक्रिया ले डोलो, शान्तिनाथ की जय बोलो॥

ॐ ह्रीं णमो विउव्वणपत्ताणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१८॥

विद्याधर नर व्रतधारी, मुक्तिरमा के अधिकारी।
विद्याधर सम सुख घोलो, शान्तिनाथ की जय बोलो॥

ॐ ह्रीं णमो विज्जाहराणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१९॥

चारणऋद्धि धरें स्वामी, रोग-शोक हरते स्वामी।
चारणऋद्धि मंत्र बोलो, शान्तिनाथ की जय बोलो॥

ॐ ह्रीं णमो चारणाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं..॥ २०॥

(सखी)

जो बिना पढ़े हों ज्ञानी, वो प्रज्ञा श्रमण निशानी।
श्री शान्तिनाथ जिनन्दा, हमको दें परमानन्दा॥

ॐ ह्रीं णमो पण्णसमणाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२१॥

आकाश गमन जो करते, भक्तों की रक्षा करते।
श्री शान्तिनाथ जिनन्दा, हमको दें परमानन्दा॥

ॐ ह्रीं णमो आगासगामीणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२२॥

जो कभी न मारें प्राणी, आशीर्विष धर कल्याणी।
श्री शान्तिनाथ जिनन्दा, हमको दें परमानन्दा॥

ॐ ह्रीं णमो आसिविसाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२३॥

जो कुपित दृष्टि ना धरते, हम सब पर करुणा करते।
श्री शान्तिनाथ जिनन्दा, हमको दें परमानन्दा॥

ॐ ह्रीं णमो दिट्ठिविसाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२४॥

तप कठिन करें ले दीक्षा, कर्मों की करें परीक्षा।
श्री शान्तिनाथ जिनन्दा, हमको दें परमानन्दा॥

ॐ ह्रीं णमो उग्गतवाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २५॥

(शुद्ध गीता)

तपस्या खूब करके भी, चमकती देह है जिनकी।
उन्हीं की अर्चना करके, सँवरती जिन्दगी सबकी॥
धरें वह दीप्ततप हम भी, सदा जिससे जयोऽस्तु हो।
श्री शान्तिप्रभु को तो, सदा सादर नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं णमो दित्ततवाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२६॥

करें आहार तो लेकिन, निहारों पर विजय पा ली।
मिला यह साधना का फल, दिए भक्तों को खुशहाली॥

धरें वह तप्ततप हम भी, सदा जिससे जयोऽस्तु हो।
श्री शान्तिप्रभु को तो, सदा सादर नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं णमो तत्ततवाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२७॥

महातप खूब करके जो, ध्वजा जिनधर्म की धारें।
करें उपवास कल्याणी, उतारें पार भव तारें॥
महातप पूज लें हम भी, सदा जिससे जयोऽस्तु हो।
श्री शान्तिप्रभु को तो, सदा सादर नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं णमो महातवाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२८॥

तपस्या घोर करके जो, करें हल हर समस्या को।
इन्हीं की अर्चना करके, सफल अपनी तपस्या हो॥
भजें हम घोरतप स्वामी, सदा जिससे जयोऽस्तु हो।
श्री शान्तिप्रभु को तो, सदा सादर नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं णमो घोरतवाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २९॥

धरें ऋषि घोरगुण न्यारे, तपस्या के सहारे से।
हरें संसार की पीड़ा, बनें सबके दुलारे से॥
धरें वह घोरगुण हम भी, सदा जिससे जयोऽस्तु हो।
श्री शान्तिप्रभु को तो, सदा सादर नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं णमो घोरगुणाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३०॥

(चौपाई)

विश्व विनाशक बल धारें पर, घोरपराक्रम करें हितंकर।
शान्तिनाथ की जय-जय गूँजें, करके नमोऽस्तु हम भी पूजें॥

ॐ ह्रीं णमो घोरपरक्कमाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३१॥

महा अघोरब्रह्मगुण ज्ञानी, जगत हितैषी केवलज्ञानी।
शान्तिनाथ की जय-जय गूँजें, करके नमोऽस्तु हम भी पूजें॥

ॐ ह्रीं णमोऽघोरगुणबंभयारीणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३२॥

ऋषियों का तन छूकर आई, आमर्षौषधि ऋद्धि सुहाई।
शान्तिनाथ की जय-जय गूँजें, करके नमोऽस्तु हम भी पूजें॥

ॐ ह्रीं णमो आमोसहिपत्ताणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३३॥

लार-थूक-कफ खेल्ल कहाएँ, तप से औषधि रूप सुहाएँ।
शान्तिनाथ की जय-जय गूँजें, करके नमोऽस्तु हम भी पूजें॥

ॐ ह्रीं णमो खेल्लोसहिपत्ताणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३४॥

देह पसीना जल्ल कहाएँ, तप से औषधि रूप सुहाएँ।
शान्तिनाथ की जय-जय गूँजें, करके नमोऽस्तु हम भी पूजें॥

ॐ ह्रीं णमो जल्लोसहिपत्ताणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३५॥

(दोहा)

मल-मूत्रों को छू पवन, करे स्वस्थ तन प्राण।
विप्रुष-औषधि के धनी, शान्तिनाथ भगवान॥

ॐ ह्रीं णमो विट्ठोसहिपत्ताणं (विप्पोसहिपत्ताणं) श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३६॥

वायु तन छूकर करे, स्वस्थ सुखी इंसान।
सर्वौषधि गुण के धनी, शान्तिनाथ भगवान॥

ॐ ह्रीं णमो सव्वोसहिपत्ताणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३७॥

बिना थके चिन्तन करें, मुहूर्त में श्रुतज्ञान।
मनोबली के नाथ हैं, शान्तिनाथ भगवान॥

ॐ ह्रीं णमो मणबलीणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३८॥

बिना थके वाचन करें, मुहूर्त में श्रुतज्ञान।
वचनबली के नाथ हैं, शान्तिनाथ भगवान॥

ॐ ह्रीं णमो वचिबलीणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३९॥

(विष्णु)

वज्र समान कायबल पाकर, कभी न पाप करें।
मुक्तिवधू से व्याह रचाने, कायोत्सर्ग करें॥

भेद-ज्ञान के योग्य कायबल, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं णमो कायबलीणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४०॥

क्षीर समान भोज्य हो जाता, तप की महिमा से।
सम्यक् रूप तपस्या होती, प्रभु की गरिमा से॥
ऋद्धि क्षीरस्रावी ऋषियों को, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं णमो खीरसवीणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४१॥

नीरस भोजन घी जैसा हो, तप की महिमा से।
सम्यक् रूप साधना होती, प्रभु की गरिमा से॥
सर्पिस्रावी गुण ऋषियों को, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं णमो सप्पिसवीणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४२॥

कटुक भोज्य भी मधुर मिष्ट हो, तप की महिमा से।
सम्यक् रूप अर्चना होती, प्रभु की गरिमा से॥
ऋद्धि मधुस्रावी ऋषियों को, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं णमो महुरसवीणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४३॥

जहर बने अमृत के जैसा, तप की महिमा से।
सम्यक् रूप भावना होती, प्रभु की गरिमा से॥
अमृतस्रावी गुण ऋषियों को, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं णमो अमियसवीणं (अमडसवीणं)श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४४॥

ऋषि आहार शेष ऐसा हो, तप की गरिमा से।
कटक पेट भर रहे साथ में, प्रभु की महिमा से॥
यह अक्षीणमहानस-आलय, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं णमो अक्खीणमहाणसाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४५॥

तीनलोक के सिद्ध आयतन, सिद्धशिला तक जो।
चरण धूल सिद्धों की पाने, सादर वन्दन हो॥
ओम् नमः सिद्धेभ्यः भजकर, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं णमो लोएसव्वसिद्धायदणाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४६॥

अवगुण त्यागें सद्गुण धारें, वर्धमान जैसे।
जिनके हम श्रद्धालु जिन बिन, रहें कहो कैसे॥
वर्धमान जैसी चर्या को, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं णमो वड्ढमाणाणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४७॥

जिनशासन में संचालित हो, आज वीरशासन।
सर्व साधुओं की धारा यह, करे धर्म रक्षण॥
गौतम-गुरु से विद्या-गुरु तक, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं णमो लोएसव्वसाहूणं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४८॥

पूर्णार्घ्य

(हरिगीतिका)

तीर्थंकरों के रूप शान्ति, गणधरों के नाथ हैं।
दुख-दर्द हर्त्ता मंत्र साँचे, भक्त जन के साथ हैं॥

सुख ज्ञान की वर्षा करो, अध्यात्म अंकुर हो सकें।
'सुव्रत' सम्भालें धर्म अपने, कर्म दल-मल धो सकें॥
मेरा तुम्हारा और सबका, हो सदा शुभ मंगलं।
हे! शान्तिनाथ जिनेन्द्र कर दो, मंगलं शुभ मंगलं॥

ॐ ह्रीं अष्टचत्वारिंशत् गुण सहित सर्वविघ्नशान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय पूर्णार्घ्यं...।

(जाप्यमंत्र)

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः।

अथवा

ॐ ह्रीं जगच्छांतिकराय श्री शान्तिनाथाय नमः सर्वोपद्रव शान्तिं कुरु-कुरु स्वाहा।

[इसके बाद पेज नं. २१५ पर जयमाला करके विधान पूर्ण करें।]

॥ इति श्री अष्टचत्वारिंशत् गुण सहित श्री शान्तिनाथ विधान सम्पूर्णम्॥

**प्रश्नों से परे
अनुत्तर हैं उन्हें
मेरे नमन!**

**उन्हें जिनके
तन-मन नग्न हैं
मेरा नमन!**

७. श्री शान्तिनाथ विधान (५६-अर्घ्य)

अट्ठाईस इन्द्रिय विषय

(लघु चौपाई)

स्पर्शन का धर्म कठोर, करके विजय चले शिव ओर।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं कठोर दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१॥

स्पर्शन का कोमल धर्म, करके विजय नशाते कर्म।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं कोमल दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२॥

स्पर्शन का हल्का धर्म, करके विजय नशाते भर्म।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं हल्का दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३॥

स्पर्शन का भारी धर्म, करके विजय करो शिव शर्म।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं भारी दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४॥

स्पर्शन का ठंडा धर्म, करके विजय हरो भव घर्म।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं ठंडा दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५॥

स्पर्शन का गर्म स्वभाव, करके विजय हरो दुर्भाव।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं गर्म दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६॥

स्पर्शन का रूखा धर्म, करके विजय हमें दो मर्म।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं रूखा दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७॥

स्पर्शन का चिकना धर्म, करके विजय करो पथ नर्म।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं चिकना दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८॥

खट्टा रस रसना का त्याग, स्वामी धरें परम वैराग्य।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं खट्टा दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९॥

मीठा रस रसना का छोड़, स्वामी चले मोक्ष भवबंधन तोड़।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं मीठा दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १०॥

कड़वा रस रसना परिहार, चिदानंद का कर आहार।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं कड़वा दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ११॥

त्याग कसैला रसना स्वाद, कुंदन सम दें आशीर्वाद।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं कसायला दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १२॥

रस चरपरा छोड़ के नाथ, चेतन का नित लेते स्वाद।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं चरपरा दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १३॥

काले रंग का तज संसार, उज्ज्वल नित आतम शृंगार।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं काला दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १४॥

पीले रंग को कभी न पाल, भक्तों को रखते खुशहाल।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं पीला दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १५॥

नीले रंग की त्यागे झील, स्वामी करते हमें सुशील।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं नीला दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १६॥

लाल रंग का त्यागे हार, करें धर्म की जय-जयकार।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं लाल दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १७॥

सफेद रंग को करके साफ, प्रभु अरिहंत नशाएँ पाप।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं सफेद दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १८॥

दुर्गंधों की तजकर पीर, जिनवर देते भव का तीर।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं दुर्गंध दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १९॥

त्याग सुगंधों भरी बहार, शाश्वत-आतम करें फुहार।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं सुगंध दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २०॥

सरगम के स्वर **सा** को त्याग, शमन-दमन सम रखते राग।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं सा-स्वर दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २१॥

सरगम के स्वर **रे** को छोड़, साधक शिवरथ लेते मोड़।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं रे-स्वर दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २२॥

सरगम के स्वर **ग** कर गौण, करें साधना होकर मौन।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं ग-स्वर दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २३॥

सरगम के स्वर **म** को मोड़, मोक्ष महल को कभी न छोड़।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं म-स्वर दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २४॥

सरगम के स्वर **प** परिहार, करें हमारी नैया पार।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं प-स्वर दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २५॥

सरगम के स्वर **ध** धिक्कार, मिले चेतना का अधिकार।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं ध-स्वर दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २६॥

सरगम के स्वर **नि** कर नाश, सफल करें अपना संन्यास।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं नि-स्वर दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२७॥

मन के विकल्प सारे त्याग, तजें मनोरंजन की आग।
शान्तिनाथ की जय-जयकार, नमोऽस्तु गूँजे बारम्बार॥
ॐ ह्रीं मनविकल्प दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२८॥

चौदह गुणस्थान

(जोगीरासा)

खोटे देव शास्त्र गुरुओं की, खोटी ही श्रद्धाएँ।
मिथ्यादर्शन कहलाती जो, आतम धर्म नशाएँ॥
सच्चे देव-शास्त्र-गुरुओं से, सम्यक् गुण झलकाएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख समृद्धि पाएँ॥
ॐ ह्रीं मिथ्यात्व दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २९॥

सम्यक् के ऊँचे आसन से, गिरकर जब तक प्राणी।
मिथ्या का दलदल ना पाएँ, वह सासादन वाणी॥

सासादन का पतन त्यागकर, सम्यक् गुण झलकाएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख समृद्धि पाएँ॥
ॐ ह्रीं सासादन दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३०॥

सम्यग्दर्शन मिथ्यादर्शन, हल्दी चूना जैसे।
मिलकर तत्त्व विषय खोते हैं, आतम झलके कैसे॥
मिश्र दशा की खिचड़ी तजकर, सम्यक् गुण झलकाएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख समृद्धि पाएँ॥
ॐ ह्रीं मिश्र दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३१॥

सच्चे देव-शास्त्र-गुरुओं की, करके सम्यक् श्रद्धा।
सम्यक् तो पा लिया परन्तु, मिली ना सुव्रत विद्या॥
अविरत वाला भाव त्याग कर, संयम गुण झलकाएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख समृद्धि पाएँ॥
ॐ ह्रीं अविरत दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३२॥

सम्यक् पाकर अणुव्रत लेकर, मोक्षमार्ग पर चालें।
लेकिन संयम धार सकें ना, महाव्रतों को ध्या लें॥
पूज्य देशसंयम के आगे, संयम गुण झलकाएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख समृद्धि पाएँ॥
ॐ ह्रीं देशसंयम दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३३॥

सम्यक् पाकर महाव्रती बन, व्रत निर्दोष सँभालें।
लेकिन प्रमाद हर न सकें तो, किंचित दोष लगा लें॥
महाव्रती संयम को धरकर, सारे दोष नशाएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख समृद्धि पाएँ॥
ॐ ह्रीं सकलसंयम दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३४॥

संयम धरकर प्रमाद हरकर, महाव्रतों को पालें।
तीन गुप्तियों को धारण कर, आतम ध्यान लगा लें॥
अप्रमत्त बनकर हरें प्रवृत्ति, कायोत्सर्ग लगाएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख समृद्धि पाएँ॥

ॐ ह्रीं प्रवृत्ति दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३५॥

ऐसे पहले कभी हुए ना, भाव अपूरव प्यारे।
ऐसे ही निर्मल भावों से, जो आतम शृंगारे॥
अपूर्वकरण के भाव सँभालें, ऐसे भाव सजाएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख समृद्धि पाएँ॥

ॐ ह्रीं अपूर्वकरण दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३६॥

अपने आतम भाव सजाकर, समानता को ध्याएँ।
ऐसे ही पवित्र भावों से, चेतन दोष नशाएँ॥
अनिवृत्तिकरण भावों से, चेतन को झलकाएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख समृद्धि पाएँ॥

ॐ ह्रीं अनिवृत्तिकरण दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३७॥

सूक्ष्म-सूक्ष्म अतिसूक्ष्म लोभ कर, ध्यानी मुद्रा धारें।
करके सूक्ष्म कषायें अपनी, सबको पार उतारें॥
सूक्ष्मसाम्पराय सम हम भी, खुद को सूक्ष्म बनाएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख समृद्धि पाएँ॥

ॐ ह्रीं सूक्ष्मसाम्पराय दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३८॥

दूध उफनता जल की बूँदे, पाकर शीतल होता।
बढ़ते हुए मोह भावों से, जीव धर्म नित खोता॥
कर उपशांतमोह को साधक, निर्मोही बन जाएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख समृद्धि पाएँ॥

ॐ ह्रीं उपशांतमोह दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३९॥

मोह कर्म सब कर्म कराए, फिर भी है कमजोरा।
अष्टकर्म में सबसे पहले, नश जाए चितचोरा॥
क्षीणमोह का फल पाकर हम, श्रेणी पर चढ़ जाएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख समृद्धि पाएँ॥

ॐ ह्रीं क्षीणमोह गुणधारक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४०॥

कर्मों के संयोग योग से, भव संसार बढ़ाएँ।
धर्मों का संयोग प्राप्त कर, निज संसार नशाएँ॥
सयोगकेवली बनकर हम भी, प्रभु अर्हन्त कहाएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख समृद्धि पाएँ॥

ॐ ह्रीं संयोगकेवली गुणधारक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४१॥

राग भोग संयोग कर्म के, जल्दी त्यागें सारे।
शुद्ध चेतना पाने हम भी, योग निरोध सभारें॥
अयोगकेवली बनकर हम, सिद्ध अवस्था पाएँ।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, सुख समृद्धि पाएँ॥

ॐ ह्रीं अयोगकेवली गुणधारक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४२॥

चौदह मार्गणास्थान

(सखी)

गति चारों त्यागे स्वामी, पंचम गति के आसामी।
श्री शान्तिनाथ निराले, हम शान्ति चाहने वाले॥

ॐ ह्रीं गति दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४३॥

तज पाँच इन्द्रियाँ पूरी, तुम बने अतीन्द्रिय शूरी।
श्री शान्तिनाथ निराले, हम शान्ति चाहने वाले॥

ॐ ह्रीं इन्द्रिय दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४४॥

तज काय भरी दुख पीड़ा, पा बैठे आतम हीरा।
श्री शान्तिनाथ निराले, हम शान्ति चाहने वाले॥
ॐ ह्रीं काय दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४५॥

तज सारे योग निराले, संयोग मिलें सुख वाले।
श्री शान्तिनाथ निराले, हम शान्ति चाहने वाले॥
ॐ ह्रीं योग दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४६॥

तज वेद-वेदना देखो, सिर प्रभु चरणों में टेको।
श्री शान्तिनाथ निराले, हम शान्ति चाहने वाले॥
ॐ ह्रीं वेद दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४७॥

तज सभी कषाय विभावी, बन बैठे आत्म स्वभावी।
श्री शान्तिनाथ निराले, हम शान्ति चाहने वाले॥
ॐ ह्रीं कषाय दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४८॥

संसार ज्ञान को त्यागे, निज ज्ञान प्राप्ति को भागे।
श्री शान्तिनाथ निराले, हम शान्ति चाहने वाले॥
ॐ ह्रीं ज्ञान दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४९॥

तज सभी असंयम धारा, संयम से निज शृंगारा।
श्री शान्तिनाथ निराले, हम शान्ति चाहने वाले॥
ॐ ह्रीं असंयम दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५०॥

दर्शन आकर्षण छोड़े, भव दर्शन से चित मोड़े।
श्री शान्तिनाथ निराले, हम शान्ति चाहने वाले॥
ॐ ह्रीं दर्शन दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५१॥

लेश्या के रंग नशाए, निज उज्ज्वल चेतन पाए।
श्री शान्तिनाथ निराले, हम शान्ति चाहने वाले॥
ॐ ह्रीं लेश्या दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५२॥

भव्यत्व भाव के त्यागी, हो मुक्तिवधू के रागी।
श्री शान्तिनाथ निराले, हम शान्ति चाहने वाले॥

ॐ ह्रीं भव्यत्व दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५३॥

सम्यक्त्व साधना भाई, सो निज रमणी शरमाई।
श्री शान्तिनाथ निराले, हम शान्ति चाहने वाले॥

ॐ ह्रीं सम्यक्त्व दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५४॥

तज संज्ञी की भव तंगी, अध्यात्म मिला सब संज्ञी।
श्री शान्तिनाथ निराले, हम शान्ति चाहने वाले॥

ॐ ह्रीं संज्ञी दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५५॥

आहार त्याग के सारे, रस चखा चेतना का रे।
श्री शान्तिनाथ निराले, हम शान्ति चाहने वाले॥

ॐ ह्रीं आहार दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५६॥

पूर्णार्घ्य

(हरिगीतिका)

प्रभु उच्च हो सर्वोच्च हो, जग मान्य हो अरिहंत हो।
तज के अशान्ति शोर को, सुख शान्ति दाता मंत्र हो॥
मेरा तुम्हारा और सबका, हो सदा शुभ मंगलं।
हे! शान्तिनाथ जिनेन्द्र कर दो, मंगलं शुभ मंगलं॥

ॐ ह्रीं षट्पंचाशत् गुण सहित सर्वविघ्नशान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय पूर्णार्घ्यं...।

(जाप्यमंत्र)

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः।

अथवा

ॐ ह्रीं जगच्छांतिकराय श्री शान्तिनाथाय नमः सर्वोपद्रव शान्तिं कुरु-कुरु स्वाहा।

[इसके बाद पेज नं. २१५ पर जयमाला करके विधान पूर्ण करें।]

॥ इति श्री षट्पंचाशत् गुण सहित श्री शान्तिनाथ विधान सम्पूर्णम्॥

८. श्री शान्तिनाथ विधान (६४-अर्घ्य)

चौंसठ ऋद्धि वर्णन

(विष्णु)

बुद्धि ऋद्धि के अठारह भेद

बुद्धि ऋद्धि के भेद अठारह, अवधिज्ञान पहला।
रूपी पुद्गल महास्कंध तक, जाने जो उजला॥
तीनों अवधिज्ञान पूजकर, आत्म चखें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अवधि-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १॥

ढाईद्वीप में मूर्त द्रव्य जो, जीवों के मन में।
ज्ञान मनःपर्यय वह जाने, रमता चेतन में॥
दोनों तरह मनःपर्यय भज, मोक्ष मिले आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं मनःपर्यय-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २॥

घाति हरण कर बने केवली, अद्भुत ज्ञान गहे।
सभी द्रव्य गुण पर्यायों को, युगपत् जान रहे॥
स्व-पर प्रकाशी केवलज्ञानी, अर्हत् हों आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं केवल-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३॥

कोष्ठों में ज्यों मिले धान्य हों, ऐसे द्रव्य मिले।
तो भी अलग-अलग जो जाने, निज सुख को मचले॥
कोष्ठ-बुद्धि को आत्मशुद्धि को, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं कोष्ठ-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४॥

एक बीज से बढ़े फसल ज्यों, एक शब्द से ज्ञान।
संत तपस्या कर हो ज्ञानी, पा लेते निर्वाण॥
बीज-बुद्धि की महाऋद्धि से, मुक्ति मिले आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं बीज-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५॥

गुरु से मात्र एक पद पढ़कर, श्रुत समझें पूरा।
पदानुसारिणी-बुद्धि ऋद्धि वह, धारें मुनि शूरा॥
सभी भेद इसके भज पाएँ, भेद ज्ञान आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं पदानुसारिणी-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६॥

नर पशुओं के मिश्र वचन सुन, अलग-अलग बोलें।
संभिन्नस्रोतृ-बुद्धि ऋद्धि धर, ज्ञान चक्षु खोलें॥
जड़-चेतन का बन्ध मिटाने, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं संभिन्नस्रोतृ-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७॥

पर उपदेश बिना अपने से, होकर वैरागी।
करें तपस्या तो हो जाती, मुक्तिवधू रागी॥
यह प्रत्येक-बुद्धि ऋद्धि भज, ध्यानी हों आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं प्रत्येक-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ८॥

बन के नगन दिगम्बर मुनि जो, करें तपस्याएँ।
सुरगुरु परमत सब पर जय कर, हरें समस्याएँ॥
तत्त्वज्ञान वादित्वऋद्धि से, हम पाएँ आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं वादित्व-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ९॥

दसपूर्वों को ध्याकर तपसी, अन्तर्मुखी हुए।
तो विद्याएँ दिव्य शक्तियाँ, आकर पाँव छुए॥
जिन विद्या से निज विद्या को, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं दशपूर्वित्व-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १०॥

चौदह पूर्वों के ज्ञानी हो, तजें मान ज्वाला।
तभी मुक्ति नत नयना होकर, कर ले वरमाला॥
चौदह राजू उच्च पहुँचने, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं चौदहपूर्वित्व-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ११॥

अंग भौम आदिक ज्योतिष के, आठ निमित्तों से।
भविष्य में क्या होने वाला, कहते शब्दों से॥
यह अष्टांगनिमित्त हम पूजें, उज्ज्वल हों आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अष्टांगनिमित्त-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १२॥

नव योजन सीमा के बाहर, स्पर्शन करना।
फिर भी निज का स्पर्शन कर, आतम में रमना॥
दूर स्पर्शत्व ऋद्धि भजें हम, छुएँ मुक्ति आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं दूरस्पर्शत्व-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १३॥

नव योजन की मर्यादा से, बाहर रस चख लें।
शुद्धातम में लीन हुए तो, आतमरस चख लें॥
दूरास्वादन ऋद्धि भजें हम, मिले स्व-रस आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं दूरस्वादित्व-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १४॥

नव योजन की सीमा से भी, बाह्य सूँघ लेते।
निज आतम के पुष्प खिला के, मोक्ष घूम लेते॥
भजें दूरघ्राणत्व ऋद्धि हम, लें स्वगंध आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं दूरघ्राणत्व-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १५॥

सैंतालीस हजार वा दो सौ, कुल त्रेसठ योजन।
इससे दूर दृश्य के दृष्टा, कर लें निज शोधन॥
ऋद्धि दूरदर्शित्व भजें हम, दर्शन हों आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं दूरदर्शित्व-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १६॥

बारह योजन के बाहर भी, सुनने की क्षमता।
दूरश्रवण की ऋद्धि प्राप्त कर, निज की उद्यमता॥
हम भक्तों की अर्जी सुनकर, तारो तो आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं दूरश्रवणत्व-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १७॥

बिना पढ़े ही सकल जिनागम, जो ऋषि खुद समझें।
कर्मों के सिद्धांत समझ के, जग में ना उलझें॥
ऋषिवर प्रज्ञाश्रमण हमें भी, प्रज्ञा दें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं प्रज्ञाश्रमणत्व-बुद्धि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १८॥

चारण ऋद्धि के नौ भेद

नव प्रकार चारणऋद्धि में, जल चारण पहले।
जल जीवों को कष्ट दिए बिन, जल पर संत चले॥
जलचारण की ऋद्धि पूजकर, प्यास मिटे आहा।

ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं जलचारण-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १९॥

जंघा बल से धरती तल से, चउ अंगुल ऊँचे।
चाहें तो योजन बहु योजन, क्षण भर में पहुँचे॥
जंघाचारण ऋद्धि पूजकर, उन्नति हो आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं जंघाचारण-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २०॥

नभ में चलें किसी आसन से, जिन आज्ञा पालें।
भक्तों का कल्याण करें ऋषि, निज आतम ध्या लें॥
ऋद्धि नभश्चारण को भजकर, सिद्धासन आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं नभश्चारण-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २१॥

मकड़ी के जालों पर चलना, बिन बाधाओं के।
तन्तु न टूटे जन्तु न रूठे, मुनि ऋषिराजों से॥
ऋद्धि तन्तुचारण भजकर, जन्तु सुखी आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं तन्तुचारण-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २२॥

पुष्पों पर ऋषि कभी न चलते, किंतु अगर चलते।
तो जीवों को दुख ना होता, कभी न मर सकते॥
ऋद्धि पुष्पचारण को भजकर, पुष्प खिलें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं पुष्पचारण-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २३॥

पत्रों पर ऋषियों को चलना, इष्ट नहीं होता।
अगर चलें तो उन जीवों को, कष्ट नहीं होता॥

ऋद्धि पत्रचारण को भजकर, मित्र बनें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं पत्रचारण-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २४॥

बीजों पर चलकर जीवों को, अगर न कष्ट हुए।
ऋद्धि बीजचारण को भजकर, सुखिया भक्त हुए॥
मोक्षबीज पाने हम पूजें, बीज फले आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं बीजचारण-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २५॥

श्रेणी पर चल श्रेणी माडें, किन्तु न जीव मरें।
श्रेणीचारण ऋद्धि भजकर, आतम भी निखरें॥
हम भी ऋषियों की श्रेणी में, आ जाएँ आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं श्रेणीचारण-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २६॥

अग्निशिखा पर चलने पर भी, मरें नहीं प्राणी।
फिर भी ध्यान-अग्नि से ऋषिवर, बनते कल्याणी॥
ऋद्धि अग्निचारण को भजकर, कर्म जलें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अग्निचारण-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २७॥

विक्रिया ऋद्धि के ग्यारह भेद

ग्यारह विध की विक्रिया ऋद्धि, अणिमा है पहली।
परमाणु सी काया जिनकी, छिद्रों से निकली॥
अणिमा-ऋद्धि हम भी भजकर, सूक्ष्म बनें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अणिमा-विक्रिया-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २८॥

महादेह मेरु जैसी कर, जग के कष्ट हरें।
विष्णुकुमार सरीखे ऋषिवर, महिमा रूप धरें॥
महिमा-ऋद्धि हम भी भजकर, महा बनें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं महिमा-विक्रिया-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २९॥

करें पवन सा हल्का तन फिर, हल्का करते मन।
आतम हल्का करके पाए, सुख का मोक्ष भवन॥
लघिमा-ऋद्धि हम भी भजकर, लघु होवें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं लघिमा-विक्रिया-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३०॥

मेरु से भी भारी अपनी, काया को करना।
ऐसी गरिमा पाकर हमको, आत्म मुक्त करना॥
गरिमा-ऋद्धि हम भी भजकर, गुणी बनें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं गरिमा-विक्रिया-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३१॥

भू पर रहकर सूरज चंदा, जो ऋषिवर छू लें।
आत्म गुणों में घुलें मिलें तो, मुक्ति चरण छू लें॥
प्राप्ति-ऋद्धि को करके नमोऽस्तु, भव समाप्ति आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं प्राप्ति-विक्रिया-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३२॥

जल में थल सम थल में जल सम, जो ऋषि खेल सकें।
तरह-तरह की देह बना कर, भव की जेल तजें॥
भजें यही प्राकाम्य-ऋद्धि हम, देह तजें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं प्राकाम्य-विक्रिया-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३३॥

महातपस्वी महामनस्वी, सब जग को जीते।
निर्मोही सबका मन मोहें, निजरस को पीते॥
हम ईशत्व-ऋद्धि को पूजें, ईश बनें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं ईशत्व-विक्रिया-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३४॥

तप का ऐसा प्रभाव हो कि, सब जग वश में हो।
पर ऋषिवर निज-वश होते सो, ना पर-वश में हो॥
वशित्व-ऋद्धि को भजकर हम, निजवश हों आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं वशित्व-विक्रिया-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३५॥

पर्वत चट्टानें भी जिनको, रोक नहीं पाते।
बिना खेद के बिना छेद के, संत पार जाते॥
पूजें अप्रतिघात-ऋद्धि हम, निर्बाधा आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अप्रतिघात-विक्रिया-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३६॥

दीक्षा लेकर तप करके जो, हो जाते अदृश्य।
आतम के जो दृश्य देखकर, उज्ज्वल करें भविष्य॥
अंतर्धान-ऋद्धि हम भजकर, शिष्य बनें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अंतर्धान-विक्रिया-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३७॥

तप के प्रभाव से मनवांछित, तन का रूप करें।
कामरूपिणी इस विद्या से, दुख का कूप हरें॥
कामरूप को करके नमोऽस्तु, काम तजें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं कामरूपित्व-विक्रिया-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३८॥

तप ऋद्धि के सात भेद

तपो ऋद्धि के सात भेद में, प्रथम उग्रतप हों।
दीक्षा से समाधि तक बहुविध, जिसमें अनशन हों॥
उग्र भाव तज उग्रऋद्धि भज, मिले शांति आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं उग्रतप-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३९॥

तरह-तरह उपवास करें पर, दुर्बल ना होते।
किन्तु देह दिन प्रतिदिन चमके, पाप तिमिर खोते॥
ऋद्धि दीप्ततप भज हम पाएँ, आत्म ज्योति आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं दीप्ततप-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४०॥

तप से भोजन यों सूखे ज्यों, तप्त लौह पर जल।
अतः नहीं मल मूत्र हुए सो, पाएँ मोक्षमहल॥
ऋद्धि तप्ततप हम भी पूजें, शीतल हों आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं तप्ततप-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४१॥

महा-महा उपवास करें जो, सिंहनिष्क्रीड़न से।
फिर भी त्रसनाली के ज्ञाता, मिलते चेतन से॥
यही महातपऋद्धि भजें हम, मिले शान्ति आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं महातप-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४२॥

रोग व्यथा हो तन में फिर भी, घोर तपा करसी।
विश्वशांति करने को जिनकी, खूब कृपा बरसी॥
भजें घोरतप ऋद्धि भक्त हम, हों निरोग आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं घोरतप-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४३॥

सिंधु सुखा दें लोक पलट दें, तप बल के द्वारा।
किन्तु अहिंसक करें न यों सो, जग पूजे सारा॥
घोरपराक्रम ऋद्धि भजें हम, ऊर्ध्व वसें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं घोरपराक्रमतप-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४४॥

दुनियाँ की नारी त्यागें पर, मुक्तिवधू रागी।
डिगा न सकते जगत प्रलोभन, जय हो! वैरागी॥
अघोर-ब्रह्मचर्य हम पूजें, मंगल हों आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अघोरब्रह्मचारित्वतप-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४५॥

बलऋद्धि के तीन भेद

बल ऋद्धि के तीन भेद में, प्रथम मनोबल है।
जिससे ऋषि बस एक घड़ी में, जिनश्रुत को मथ लें॥
ऋद्धि मनोबल भजकर हम हों, विजित मना आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं मनोबल-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४६॥

द्वादशांग को एक घड़ी में, जो पूरा पढ़ लें।
महातपस्वी इन ऋषियों के, चलो पैर पड़ लें॥
ऋद्धि वचनबल भजकर होते, वचन सिद्ध आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं वचनबल-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४७॥

तप के प्रभाव से उँगली पर, लोक जमा लेवें।
कायोत्सर्ग वर्ष-भर करके, मुक्ति रिझा लेवें॥
ऋद्धि कायबल भजकर हम भी, हों विदेह आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं कायबल-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४८॥

औषधि ऋद्धि के आठ भेद

आठ भेद औषध ऋद्धि के, है आमर्ष प्रथम।
जिनका तन छू छूमंतर हों, रोग व्याधियाँ गम॥
आमर्ष-औषधि को भजकर के, निज छू लें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं आमर्षौषधि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४९॥

खेल्ल-औषधि ऋद्धिधर के, लार-नाक मल को।
इत्यादि छू पवन चले तो, हरे रोग दुख को॥
ऐसी ऋद्धि पूज-पूज हम, मल हर लें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं खेल्लौषधि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५०॥

ऋषि के तन के बाह्य मैल जो, तप से औषध हों।
जिनको छूकर टलें व्याधियाँ, सुख से प्रोषध हों॥
जल्ल-औषधि भजकर तैरें, भव जल हम आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं जल्लौषधि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५१॥

दाँत कान आदिक मल तप से, औषध निश्चित हों।
इनको छूकर भक्त जनों के, कार्य सुनिश्चित हों॥
मल्ल-औषधि भज हम जीतें, मोह मल्ल आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं मल्लौषधि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५२॥

ऋषि के मल मूत्रादिक तप से, दवा हुए आहा।
जिसको छूकर पवन चले तो, रोग करे स्वाहा॥
विप्रुष-औषधि ऋद्धि भजें हम, निर्मल हों आहा।

ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं विप्रुषौषधि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५३॥

तपसी की सम्पूर्ण देह यह, जब औषध होती।
जिसको छू के पवन चले तो, रोग व्यथा खोती॥
सर्व-औषधि ऋद्धि पूज हम, सर्व सुखी आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं सर्वौषधि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५४॥

तप से जिनकी वाणी अमृत, जैसी हो जाती।
जहर उतर जाते जिसको सुन, निज को चमकाती॥
मुखनिर्विष यह ऋद्धि पूजकर, जहर नशे आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं मुखनिर्विषौषधि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५५॥

तप के कारण जिनकी नजरें, अमृत हो जाएँ।
जहाँ पड़ें नजरें तो विष खुद, निर्विष हो जाएँ॥
दृष्टिनिर्विष ऋद्धि भजें हम, निर्विकार आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं दृष्टिनिर्विषौषधि-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५६॥

रस ऋद्धि के छह भेद

रस ऋद्धि के छह भेदों में, आशीर्विष पहला।
मर जा कहने पर मर जाएँ, कहें न करें भला॥
आशीर्विष को करके नमोऽस्तु, भला करें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं आशीर्विष-रस-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५७॥

कोपदृष्टि जिन पर कर देते, वो तत्काल मरें।

परम दयालु करें ना यों सो, हम त्रयकाल भजें॥
दृष्टिर्विष गुरु हरें समस्या, सुख देवें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं दृष्टिर्विष-रस-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५८॥

अरस भोज्य कर-पात्रों में आ, तप से सरस हुए।
भोजन त्याग भजन करते ऋषि, सो हम चरण छुए॥
क्षीरस्रावि रस-ऋद्धि पूजकर, क्षीरामृत आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं क्षीरस्रावि-रस-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५९॥

कटुक भोज्य भी पाणि-पात्र में, तप से मधुर हुए।
भोजन रस के त्यागी ऋषिवर, आतम रसिक हुए॥
मधुस्रावी रस-ऋद्धि पूजकर, निजरस हों आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं मधुस्रावि-रस-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६०॥

सरस-अरस सब भोज्य करों में, अमृत स्वाद झरे।
तप से ऋषि यह गुण पाएँ पर, निज रस चाह रहे॥
अमृतस्रावि ऋद्धि पूजकर, ज्ञानामृत आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अमृतस्रावि-रस-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६१॥

रूखा-सूखा कटुक भोज्य भी, घृत सम हो तप से।
भोज्य रसों के त्यागी ऋषि को, हम खोजें कब से॥
सर्पिस्रावि ऋद्धि पूज हम, पुष्ट बनें अहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं सर्पिस्रावि-रस-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६२॥

अक्षीण ऋद्धि के दो भेद

दो विध की अक्षीणऋद्धि में, पहला यह कहता।
मुनि चौके में चक्रि-सैन्य को, भोज्य न कम पड़ता॥
यह अक्षीण-महानस ऋद्धि, हम पूजें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अक्षीण-महानस-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६३॥

मुनि-आसन पर चक्रि-सैन्य, भी यदि चाहे रुकना।
तब तो सुख से सब रुक जाएँ, हम चाहें झुकना॥
यह अक्षीण-महालय ऋद्धि, हम ध्याएँ आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अक्षीण-महालय-ऋद्धीश्वर श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६४॥

पूर्णार्घ्य

(हरिगीतिका)

अपमान असफलता हरें, दें ऋद्धि-सिद्धि सम्पदा।
उपसर्ग संकट विघ्न हर्त्ता, टालते हर आपदा॥
मेरा तुम्हारा और सबका, हो सदा शुभ मंगलं।
हे! शान्तिनाथ जिनेन्द्र कर दो, मंगलं शुभ मंगलं॥

ॐ ह्रीं चतुषष्टि गुण सहित सर्वविघ्नशान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय पूर्णार्घ्यं...।

(जाप्यमंत्र)

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः।

अथवा

ॐ ह्रीं जगच्छांतिकराय श्री शान्तिनाथाय नमः सर्वोपद्रव शान्तिं कुरु-कुरु स्वाहा।

[इसके बाद पेज नं. २१५ पर जयमाला करके विधान पूर्ण करें।]

॥ इति श्री चतुषष्टि गुण सहित श्री शान्तिनाथ विधान सम्पूर्णम्॥

९. श्री शान्तिनाथ विधान (७२-अर्घ्य)

बहत्तर आस्त्रव के भेद

पाँच मिथ्यात्व

(सखी)

विपरीत नाम की श्रद्धा, दे भव भटकन दुख मिथ्या।
श्री शान्तिनाथ दुख हारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥

ॐ ह्रीं विपरीत दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १॥

एकांत नाम की श्रद्धा, दे पतन कलह भय मिथ्या।
श्री शान्तिनाथ दुख हारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥

ॐ ह्रीं एकांत दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २॥

संशय नामक जो श्रद्धा, वो दे दुविधा भव मिथ्या।
श्री शान्तिनाथ दुख हारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥

ॐ ह्रीं संशय दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३॥

जो विनय नाम की श्रद्धा, वो दे मृत जैसा मिथ्या।
श्री शान्तिनाथ दुख हारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥

ॐ ह्रीं विनय दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४॥

अज्ञान नाम की श्रद्धा, वो दे अपयश मद मिथ्या।
श्री शान्तिनाथ दुख हारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥

ॐ ह्रीं अज्ञान दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५॥

बारह अविरति

(हाकलिका)

स्पर्शन के दास बने, तो कैसे संन्यास बने।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥

ॐ ह्रीं स्पर्शनेन्द्रिय दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६॥

रसना-रस के दास बने, तो कैसे संन्यास बने।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥

ॐ ह्रीं रसनेन्द्रिय दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७॥

घ्राण विषय के दास बने, तो कैसे संन्यास बने।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥

ॐ ह्रीं घ्राणेन्द्रिय दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ८॥

चक्षु विषय के दास बने, तो कैसे संन्यास बने।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥

ॐ ह्रीं चक्षुरिन्द्रिय दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ९॥

कर्ण विषय के दास बने, तो कैसे संन्यास बने।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥

ॐ ह्रीं कर्णेन्द्रिय दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १०॥

मन विषयों के दास बने, तो कैसे संन्यास बने।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥

ॐ ह्रीं मन दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ११॥

पृथ्वीकायिक रक्षा ना, संयम धर्म सुरक्षा ना।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥

ॐ ह्रीं पृथ्वी दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १२॥

अग्निकायिक रक्षा ना, संयम धर्म सुरक्षा ना।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥

ॐ ह्रीं अग्नि दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १३॥

जलकायिक की रक्षा ना, संयम धर्म सुरक्षा ना।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥

ॐ ह्रीं जल दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १४॥

वायुकायिक रक्षा ना, संयम धर्म सुरक्षा ना।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं वायु दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १५॥

वनस्पति की रक्षा ना, संयम धर्म सुरक्षा ना।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं वनस्पति दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १६॥

त्रसकायिक की रक्षा ना, संयम धर्म सुरक्षा ना।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं त्रस दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १७॥

पंद्रह प्रमाद

स्पर्शन के दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं स्पर्शन दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १८॥

जिह्वा वाले दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं रसना दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १९॥

नासा वाले दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥२१ऽ
ॐ ह्रीं घ्राण दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २०॥

चक्षु वाले दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं चक्षु दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २१॥

कर्णों वाले दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं कर्ण दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २२॥

स्त्रीकथा के दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं स्त्रीकथा दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २३॥

राजकथा के दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं राजकथा दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २४॥

राष्ट्रकथा के दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं राष्ट्रकथा दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २५॥

भोजकथा के दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं भोजनकथा दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २६॥

क्रोध कर्म के दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं क्रोध दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २७॥

मान कर्म के दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं मान दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २८॥

माया कर्म के दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं माया दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २९॥

लोभ कर्म के दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं लोभ दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३०॥

निद्रा कर्म के दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं निद्रा दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३१॥

स्नेह कर्म के दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं स्नेह दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३२॥

पच्चीस कषाय

अनन्तानुबंधी क्रोध हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं अनन्तानुबंधीक्रोध दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३३॥

अनन्तानुबंधी मान हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं अनन्तानुबंधीमान दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३४॥

अनन्तानुबंधी माया हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं अनन्तानुबंधीमाया दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३५॥

अनन्तानुबंधी लोभ हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं अनन्तानुबंधीलोभ दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३६॥

अप्रत्याख्यान क्रोध हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं अप्रत्याख्यानक्रोध दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३७॥

अप्रत्याख्यान मान हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं अप्रत्याख्यानमान दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३८॥

अप्रत्याख्यान माया हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं अप्रत्याख्यानमाया दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३९॥

अप्रत्याख्यान लोभ हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं अप्रत्याख्यानलोभ दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४०॥

प्रत्याख्यान क्रोध हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानक्रोध दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४१॥

प्रत्याख्यान मान हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानमान दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४२॥

प्रत्याख्यान माया हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानमाया दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४३॥

प्रत्याख्यान लोभ हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं प्रत्याख्यानलोभ दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४४॥

संज्वलन क्रोध हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं संज्वलनक्रोध दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४५॥

संज्वलन मान हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं संज्वलनमान दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४६॥

संज्वलन माया हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं संज्वलनमाया दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४७॥

संज्वलन लोभ हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं संज्वलनलोभ दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४८॥

हास्य कर्म का दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं हास्य दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४९॥

रति कर्म का दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं रति दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५०॥

अरति कर्म का दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं अरति दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५१॥

शोक कर्म का दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं शोक दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५२॥

भय कर्मों का दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं भय दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५३॥

जुगुप्सा का दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं जुगुप्सा दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५४॥

स्त्रीवेद का दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं स्त्रीवेद दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५५॥

पुरुष वेद का दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं पुरुषवेद दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५६॥

नपुंसक वेद का दोष हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं नपुंसकवेद दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५७॥

पंद्रह योग

सत्य मनो का योग हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं सत्य-मनोयोग दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५८॥

असत्य मनो का योग हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं असत्य-मनोयोग दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५९॥

उभय मनो का योग हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं उभय-मनोयोग दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६०॥

अनुभय मनो का योग हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं अनुभय-मनोयोग दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६१॥

सत्य वचन का योग हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं सत्य-वचनयोग दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६२॥

असत्य वचन का योग हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं असत्य-वचनयोग दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६३॥

उभय वचन का योग हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं उभय-वचनयोग दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६४॥

अनुभय वचन का योग हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं अनुभय-वचनयोग दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६५॥

औदारिक तन योग हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं औदारिक-काययोग दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६६॥

औदारिक मिश्र योग हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं औदारिकमिश्र-काययोग दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६७॥

वैक्रियिक तन योग हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं वैक्रियिक-काययोग दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६८॥

वैक्रियिक मिश्र योग हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं वैक्रियिकमिश्र-काययोग दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६९॥

आहारक का योग हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥
ॐ ह्रीं आहारक-काययोग दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७०॥

आहारक मिश्र योग हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥

ॐ ह्रीं आहारमिश्र-काययोग दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७१॥

कार्मण का योग हरें, आतम का जयघोष करें।
शान्तिनाथजी दीक्षा दो, हमको शान्ति शिक्षा दो॥

ॐ ह्रीं कार्मण-काययोग दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७२॥

पूर्णार्घ्य

(हरिगीतिका)

बनके निरास्त्रव कर्म तजने, हेतु सारे तज दिए।
सो शान्तिनाथ जिनेन्द्र तुमको, भक्त सारे भज लिए॥
मेरा तुम्हारा और सबका, हो सदा शुभ मंगलं।
हे! शान्तिनाथ जिनेन्द्र कर दो, मंगलं शुभ मंगलं॥

ॐ ह्रीं द्विसप्तति गुण सहित सर्वविघ्नशान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय पूर्णार्घ्यं...।

(जाप्यमंत्र)

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः।

अथवा

ॐ ह्रीं जगच्छांतिकराय श्री शान्तिनाथाय नमः सर्वोपद्रव शान्तिं कुरु-कुरु स्वाहा।

[इसके बाद पेज नं. २१५ पर जयमाला करके विधान पूर्ण करें।]

॥ इति श्री द्विसप्तति गुण सहित श्री शान्तिनाथ विधान सम्पूर्णम्॥

**गुणालय में
एकाध दोष कभी
तिल सा लगे**

१०. श्री शान्तिनाथ विधान (८०-अर्घ्य)

पाँच महाव्रत

(सखी)

व्रत पालें पूर्ण अहिंसा, सो टलें पाप सब हिंसा।
श्री शान्तिप्रभु उपकारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥

ॐ ह्रीं अहिंसा-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १॥

व्रत पालें सत्य सहाई, सो हटतीं झूठ बुराई।
श्री शान्तिप्रभु उपकारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥

ॐ ह्रीं सत्य-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २॥

व्रत पालें अचौर्य आदि, सो टलें चोरियाँ व्याधि।
श्री शान्तिप्रभु उपकारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥

ॐ ह्रीं अचौर्य-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३॥

व्रत ब्रह्मचर्य गुण पालें, सो काम कुशील नशा लें।
श्री शान्तिप्रभु उपकारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥

ॐ ह्रीं ब्रह्मचर्य-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४॥

व्रत परिग्रह त्याग सँवारें, सो नैया पार उतारें।
श्री शान्तिप्रभु उपकारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥

ॐ ह्रीं अपरिग्रह-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५॥

पाँच समिति

भू चार हाथ लख चालें, यह ईर्या समिति पालें।
श्री शान्तिप्रभु उपकारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥

ॐ ह्रीं ऊर्ध्वगमन-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६॥

हित-मित-प्रिय वाणी बोलें, भाषा समिति मुख खोलें।
श्री शान्तिप्रभु उपकारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥

ॐ ह्रीं हितकरवचन-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७॥

लें एक बार दिन भुक्ति, यह धरें एषणा समिति।
श्री शान्तिप्रभु उपकारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥
ॐ ह्रीं आत्मरसिक-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ८॥

लें रखें देख हर कण-कण, समिति आदान निक्षेपण।
श्री शान्तिप्रभु उपकारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥
ॐ ह्रीं अन्तर-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ९॥

निर्दोष मूत्र मल तजना, व्युत्सर्ग समिति से भजना।
श्री शान्तिप्रभु उपकारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥
ॐ ह्रीं शुद्ध-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १०॥

तीन गुप्ति

मन की सब त्याग कथाएँ, मुनि आतम गुफा सजाएँ।
श्री शान्तिप्रभु उपकारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥
ॐ ह्रीं मनोविजय-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ११॥

वचनों की त्याग विकलता, मुनि आतम रूप सँभलता।
श्री शान्तिप्रभु उपकारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥
ॐ ह्रीं वचनविजय-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १२॥

तन की सब त्याग कियाएँ, मुनि कायोत्सर्ग लगाएँ।
श्री शान्तिप्रभु उपकारी, हो नमोऽस्तु बारी-बारी॥
ॐ ह्रीं कायविजय-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १३॥

दस धर्म

(चौपाई)

क्रोध कषाय त्यागना पूरा, उत्तम क्षमा धारते शूरा।
शान्तिनाथजी शान्ति प्रदाता, हम नमोऽस्तु कर टेकें माथा॥
ॐ ह्रीं उत्तमक्षमा-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १४॥

आठ मदों का मान त्यागना, उत्तम मार्दव धर्म धारना।
शान्तिनाथजी शान्ति प्रदाता, हम नमोऽस्तु कर टेकें माथा॥
ॐ ह्रीं उत्तममार्दव-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १५॥

मायाचार कपट छल त्यागें, उत्तम आर्जव से अनुरागें।
शान्तिनाथजी शान्ति प्रदाता, हम नमोऽस्तु कर टेकें माथा॥
ॐ ह्रीं उत्तम-आर्जव-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १६॥

अशुचि अपावन लोभ त्यागना, निर्मल उत्तम शौच धारना।
शान्तिनाथजी शान्ति प्रदाता, हम नमोऽस्तु कर टेकें माथा॥
ॐ ह्रीं उत्तमशौच-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १७॥

राग-द्वेष तज झूठ त्यागना, सम्यक् उत्तम सत्य धारना।
शान्तिनाथजी शान्ति प्रदाता, हम नमोऽस्तु कर टेकें माथा॥
ॐ ह्रीं उत्तमसत्य-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १८॥

इन्द्रिय मन को वश में रखना, उत्तम संयम गुण से सजना।
शान्तिनाथजी शान्ति प्रदाता, हम नमोऽस्तु कर टेकें माथा॥
ॐ ह्रीं उत्तमसंयम-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १९॥

भव संसार ताप को हरना, कर्मों के क्षय को तप करना।
शान्तिनाथजी शान्ति प्रदाता, हम नमोऽस्तु कर टेकें माथा॥
ॐ ह्रीं उत्तमतप-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २०॥

दान चार प्रकार का देना, उत्तम त्याग धर्म धर लेना।
शान्तिनाथजी शान्ति प्रदाता, हम नमोऽस्तु कर टेकें माथा॥
ॐ ह्रीं उत्तमत्याग-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २१॥

पर पदार्थ का राग त्यागना, उत्तम आकिंचन्य धारना।
शान्तिनाथजी शान्ति प्रदाता, हम नमोऽस्तु कर टेकें माथा॥
ॐ ह्रीं उत्तम-आकिञ्चन्य-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २२॥

स्त्री मात्र तज निज में रमना, उत्तम ब्रह्मचर्य से सजना।
शान्तिनाथजी शान्ति प्रदाता, हम नमोऽस्तु कर टेकें माथा॥

ॐ ह्रीं उत्तम ब्रह्मचर्य-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २३॥

बारह भावना (अनुप्रेक्षा) (दोहा)

इस अनित्य संसार के, रिश्ते नाते छोड़।
शान्तिप्रभु से शीघ्र हो, हम सबका गठ-जोड़॥

ॐ ह्रीं नित्य-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २४॥

अशरण भव वन में नहीं, ओर छोर निज गाँव।
शान्तिप्रभु जी दीजिए, चरण शरण की छाँव॥

ॐ ह्रीं शरण-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २५॥

चतुर्गति संसार में, दुख का है भण्डार।
शान्तिप्रभु जी मुक्ति दो, हो सबका उद्धार॥

ॐ ह्रीं मोक्ष-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २६॥

जीव अकेले भोगते, जनम-मरण संसार।
शान्तिप्रभु जी दीजिए, निज एकत्व विचार॥

ॐ ह्रीं एकत्व-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २७॥

जब यह तन भी अन्य है, क्यों फिर करो न ज्ञान।
शान्तिप्रभु जी दीजिए, हमें भेद-विज्ञान॥

ॐ ह्रीं आत्म-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २८॥

सप्त धातु का पिण्ड है, अशुचि तन अपवित्र।
शान्तिप्रभु जी दीजिए, हमको धर्म पवित्र॥

ॐ ह्रीं निर्मल-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २९॥

मन-वच-तन से जीव के, आस्रव होते कर्म।
शान्तिप्रभु जी दीजिए, हमें निरास्रव धर्म॥

ॐ ह्रीं मुक्त-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३०॥

कर्मों का आस्रव तजें, संवर की ले नाव।
शान्तिप्रभु जी दीजिए, हमें मोक्ष का गाँव॥
ॐ ह्रीं निर्बन्ध-स्वभावी स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३१॥

करें कर्म की निर्जरा, तजें पाप का भार।
शान्तिप्रभु जी कीजिए, हम भक्तों को पार॥
ॐ ह्रीं निष्कर्म-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३२॥

पुरुष रूप इस लोक में, अब ना भटकें दास।
शान्तिप्रभु जी दीजिए, अब लोकाग्र निवास॥
ॐ ह्रीं लोक-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३३॥

सम्यग्दर्शन-ज्ञान वा, है दुर्लभ चारित्र।
शान्तिप्रभु जी दीजिए, दीक्षा परम पवित्र॥
ॐ ह्रीं बोधि-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३४॥

धर्म रहा जिन धर्म बस, शेष पाप विस्तार।
शान्तिप्रभु जी दीजिए, हमें धर्म की धार॥
ॐ ह्रीं धर्म-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३५॥

बाईस परिषह (हाकलिका)

भूख व्याधियाँ तजने को, क्षुधा परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं क्षुधा-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३६॥

प्यास आदि दुख तजने को, तृषा परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं तृषा-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३७॥

काय वेदना तजने को, शीत परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं शीत-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३८॥

गर्मी के दुख तजने को, उष्ण परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं उष्ण-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३९॥

दंशमशक दुख तजने को, घोर परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं दंशमशक-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४०॥

देह दोष सब तजने को, नाग्न्य परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं नाग्न्य-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४१॥

अप्रीति को तजने को, अरति परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं अरति-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४२॥

मोह भाव को तजने को, स्त्री परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं स्त्री-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४३॥

खेद-खिन्नता तजने को, चर्या परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं खेद-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४४॥

गमन-आगमन तजने को, निषद्या परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं निषद्या-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४५॥

निद्रा विजयी बनने को, शय्या परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं निद्रा-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४६॥

शब्द बात दुख तजने को, आक्रोश परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं आक्रोश-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४७॥

प्रहार आदि दुख तजने को, वध का परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं वध-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४८॥

वस्तु माँगना तजने को, याचना परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं याचना-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४९॥

भिक्षा के दुख तजने को, अलाभ परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं अलाभ-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५०॥

आधि-व्याधि दुख तजने को, रोग परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं रोग-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५१॥

तृणस्पर्श दुख तजने को, महा परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं तृणस्पर्श-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५२॥

स्नान आदि से बचने को, मल का परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं मल-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५३॥

सत्कार पुरस्कार तजने को, कठिन परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं सत्कार-पुरस्कार-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५४॥

ज्ञान मान ना करने को, प्रज्ञा परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं प्रज्ञा-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५५॥

बुद्धिमंदता तजने को, अज्ञान परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं अज्ञान-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५६॥

जीवन सार्थक करने को, अदर्शन परिषह सहने को।
शान्तिप्रभु जी दो अशीष, हम तो सदा नवाएँ शीश॥
ॐ ह्रीं अदर्शन-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५७॥

पाँच चारित्र (जोगीरासा)

सब जीवों में समानता का, भाव धारना प्यारा।
लेकर संयम भाव नाव को, भव जल तैरें खारा॥
आर्त्त रौद्र की पीड़ा तज के, सामायिक को ध्याएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥
ॐ ह्रीं सामायिक-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५८॥

लिए मूलगुण उत्तरगुण जो, यथाशक्ति वो पालें।
अगर दोष कुछ लग जाएँ तो, करके छेद सँभालें॥
छेदोपस्थापन से हम भी, निज चारित्र सजाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥
ॐ ह्रीं छेदोपस्थापना-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५९॥

महाव्रतों का पालन करने, चलने की हो बुद्धि।
किन्तु जीव हिंसा ना होवे, है परिहार विशुद्धि॥
यह चारित्र धारकर हम भी, चेतन बाग खिलाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥
ॐ ह्रीं परिहारविशुद्धि-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६०॥

कायोत्सर्ग ध्यान मुद्रा में, अगर लीन हो जाएँ।
तभी कषायें क्रमशः कम-कम, साधक की हो जाएँ॥
चरित सूक्ष्म इस साम्पराय से, आतम शुद्ध बनाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं सूक्ष्मसाम्पराय-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६१॥

जैसे आतम शुद्ध जीव या, सिद्ध अवस्था होती।
जिसे प्राप्त कर भव दुख छूटे, जले ज्ञान चित-ज्योति॥
यथाख्यात चारित्र इसी से, अर्हत सिद्ध कमाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं यथाख्यात-स्वभावी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६२॥

अठारह दीक्षा के अयोग्य स्थान

दीक्षा लेना खेल नहीं हैं, दुनियाँ में बच्चों का।
तेल निकल आता है तप में, सच! अच्छे-अच्छों का॥
जिनदीक्षा अतिबाल न धारें, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं बालदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६३॥

वृद्ध-बुढ़ापा है दुखदायी, सबको खूब सताए।
लार टपकती गर्दन हिलती, तृष्णा नार लुभाए॥
जिनदीक्षा अतिवृद्ध न पालें, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं वृद्धदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६४॥

आग राख के अंदर-अंदर, खूब धधकती जैसे।
भोग वासना नुपंसकों में, सदा सुलगती वैसे॥
जिनदीक्षा न धरें नपुंसक, सो यह दोष नशाएँ।

शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं नपुंसकदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६५॥

तन मन वचनों के रोगी जन, बन सकते हैं भोगी।
लेकिन संयम पाल न सकते, बन ना सकते योगी॥
जिनदीक्षा के अयोग्य रोगी, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं रोगदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६६॥

अंगहीन न होते भगवन, नहीं बिम्ब मन भाएँ।
फिर धार्मिक अनुयायी कैसे, अंगहीन हो जाएँ॥
जिनदीक्षा ना अंगहीन की, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं विकलांगदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६७॥

कायर या भयभीत लोग जब, ढंग से ना जी पाएँ।
फिर कैसे वे व्रत पालेंगे, कैसे ध्यान लगाएँ॥
जिनदीक्षा के अयोग्य कायर, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं भयदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६८॥

मंदबुद्धि जड़बुद्धि जीव की, दुनियाँ हँसी उड़ाए।
फिर वैसे वह मोक्षमार्ग में, अपनी लाज बचाए॥
जिनदीक्षा जड़बुद्धि ना धारें, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं मंदबुद्धिदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६९॥

चोर-डाकुओं को यह दुनियाँ, बुरी नजर से देखे।
अगर धार लें जिनदीक्षा तो, जग कैसे सिर टेके॥

जिनदीक्षा के योग्य न डाकू, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं चौर्यदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७०॥

शत्रु शत्रुता कोई न चाहें, प्रेम भाव सब चाहें।
राजशत्रु फिर किसे सुहाएँ, जो दें दुख की राहें॥
जिनदीक्षा ना राजशत्रु लें, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं शत्रुदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७१॥

जो विक्षिप्त जीव होते वो, स्वयं सँभल ना पाएँ।
व्रत संयम चारित्र धर्म फिर, वे कैसे अपनाएँ॥
जिनदीक्षा विक्षिप्त न धरते, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं विक्षिप्तदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७२॥

स्वच्छ साफ सुथरी राहों पर, अंधे डगमग चालें।
फिर कैसे वे मोक्षमार्ग में, रत्नत्रय को पालें॥
जिनदीक्षा के योग्य अंध ना, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं अंधदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७३॥

अगर दास संन्यास धार ले, तो संन्यास रुकेगा।
जिनशासन में दाग लगेगा, ऊँचा कौन उठेगा॥
जिनदीक्षा के योग्य दास ना, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं भृत्यदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७४॥

दुर्जन धूर्त-बुद्धि प्राणी जब, सब जन को भटकाएँ।

मोक्षमार्ग में फिर कैसे वे, निज-पर पार लगाएँ॥
जिनदीक्षा के योग्य धूर्त ना, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं धूर्तदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७५॥

पागल मूढ़ निपट अज्ञानी, पत्थर नाँव सरीखे।
खुद डूबें वा हमें डुबाएँ, आगम से यह सीखें॥
जिनदीक्षा के योग्य मूढ़ ना, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं मूढ़दोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७६॥

कर्जदार पर इस दुनियाँ को, होता नहीं भरोसा।
संयम के सिंहासन से यह, सबको देगा धोखा॥
जिनदीक्षा कर्जदार लें, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं ऋणदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७७॥

करके दोष पलायन कर्त्ता, भागमभाग मचाएँ।
फिर कैसे वह संयम में थिर, होकर ध्यान लगाएँ॥
जिनदीक्षा ना धरें पलायक, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं पलायनदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७८॥

गर्भ धारकर सहज भाव से, यहाँ-वहाँ ना डोलो।
फिर कैसे यह पिछी कमण्डल, उनसे सँभले बोलो॥
जिनदीक्षा न धरे गर्भिणी, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं गर्भदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७९॥

सूतक पातक सोर काल में, दूर धर्म से होते।
कहो प्रसूता स्त्री को क्या, सहज मोक्षपथ होते॥
जिनदीक्षा ना धरे प्रसूता, सो यह दोष नशाएँ।
शान्तिप्रभु को करके नमोऽस्तु, परम शान्ति झलकाएँ॥

ॐ ह्रीं सूतक-पातक-सोरदोष-विजयी श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ८०॥

पूर्णार्घ्य

(हरीगीतिका)

निष्पाप हों व्रत योग्य हों, संवर करें संसार के।
दीक्षा धरें पातक हरें, मुक्ति वरें भव तार के॥
मेरा तुम्हारा और सबका, हो सदा शुभ मंगलं।
हे! शान्तिनाथ जिनेन्द्र कर दो, मंगलं शुभ मंगलं॥

ॐ ह्रीं अशीति गुण सहित सर्वविघ्नशान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय पूर्णार्घ्यं...।

(जाप्यमंत्र)

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः।

अथवा

ॐ ह्रीं जगच्छांतिकराय श्री शान्तिनाथाय नमः सर्वोपद्रव शान्तिं कुरु-कुरु स्वाहा।

[इसके बाद पेज नं. २१५ पर जयमाला करके विधान पूर्ण करें।]

॥ इति श्री अशीति गुण सहित श्री शान्तिनाथ विधान सम्पूर्णम्॥

आगे बनूँगा
प्रभु पदों में अभी
बैठ तो जाऊँ

११. श्री शान्तिनाथ विधान (८८-अर्घ्य)

सत्तर अतिचार

सम्यग्दर्शन के पाँच अतिचार

(चौपाई)

जिनशासन में करें ना शंका, तभी बजेगा धार्मिक डंका।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं शंकादि-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १॥

जिनशासन से करें न कांक्षा, सो पूरी हो हर आकांक्षा।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं कांक्षादि-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २॥

करो धर्म में ना विचिकित्सा, बनें धर्म के सम्यक् हिस्सा।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं ग्लानि-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३॥

अन्यदृष्टि की नहीं प्रशंसा, रखें विश्व कल्याणी मंशा।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं अन्यदृष्टिप्रशंसा-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४॥

अन्यदृष्टि का नहीं संस्तवन, खोटे भाव त्याग दें चेतन।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं अन्यदृष्टिसंस्तव-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५॥

अहिंसाणुव्रत के पाँच अतिचार

पशुओं का वध करना छोडें, जीव दया से नाता जोड़ें।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं वध-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६॥

मनचाहा चलने से रोकें, पशुओं को बंधन से छोड़ें।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं बंधन-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७॥

नाक-कान आदि ना छेदें, धर्म अहिंसा जग को दे दें।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥
ॐ ह्रीं छेदन-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ८॥

भार शक्ति से ज्यादा ना हो, अतिभार आरोपण ना हो।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥
ॐ ह्रीं अतिभारारोपण-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ९॥

खान-पान पर रोक लगाना, तो कैसे दुख दर्द मिटाना।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥
ॐ ह्रीं अन्नपाननिरोध-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १०॥

सत्याणुव्रत के पाँच अतिचार

मिथ्या का उपदेश न देना, सत्य धर्म रक्षित कर लेना।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥
ॐ ह्रीं मिथ्यावचन-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ११॥

नर-नारी की गुप्त कथाएँ, प्रकट करें तो धर्म नशाएँ।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥
ॐ ह्रीं रहोभ्याख्यान-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १२॥

झूठे दस्तावेज बनाना, कूटलेख की क्रिया बढ़ाना।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥
ॐ ह्रीं कूटलेखक्रिया-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १३॥

हरण करें ना अन्य धरोहर, ये न्यासापहार है दुख घर।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥
ॐ ह्रीं न्यासापहार-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १४॥

संकेतों को जान समझकर, जग में करना नहीं उजागर।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥
ॐ ह्रीं साकारमंत्रभेद-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १५॥

अचौर्याणुव्रत के पाँच अतिचार

चोरी के पथ राह दिखाना, दुख संकट में धर्म फसाना।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं चौर्यप्रयोग-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १६॥

चोरी की वस्तु क्रय करना, धर्म साधना विक्रय करना।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं चौर्यक्रय-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १७॥

राजाज्ञा के विरुद्ध चलना, अंत रहा हाथों को मलना।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं राज्यविरुद्धकार्य-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १८॥

बाँट तराजू कम-बढ़ रखना, अपमानों का रस ना चखना।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं हीनाधिकमानोन्मान-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १९॥

नकली माल असल कह बेचें, पतन राह निश्चित ही देखें।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं प्रतिरूपकव्यवहार-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २०॥

ब्रह्मचर्याणुव्रत के पाँच अतिचार

पर के विवाह करें कराएँ, मुक्तिवधू से क्या मिल पाएँ।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं अन्यविवाहकरण-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २१॥

व्यभिचारिणी महिलाओं से, बचना भोगी सम्बन्धों से।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं अन्यस्त्री-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २२॥

वेश्यादिक से धर्म बचाना, निजरमणी से रास रचाना।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं वेश्यागमन-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २३॥

करें कामसेवन ना विधि से, मिल न सकें तो आत्म निधि से।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥
ॐ ह्रीं अनंगक्रीड़ा-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २४॥

यदि भोगें अत्यंत वासना, बुरी कलंकित धर्म साधना।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥
ॐ ह्रीं तीव्रकामासक्ति-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २५॥

परिग्रह परिमाणाणुव्रत के पाँच अतिचार

खेत भवन की तजें न सीमा, तब ही हो आतम का बीमा।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥
ॐ ह्रीं क्षेत्रवास्तु-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २६॥

सोने चाँदी की सीमाएँ, अगर त्याग दें तो दुख पाएँ।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥
ॐ ह्रीं हिरण्यस्वर्ण-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २७॥

धन-धान्यादिक की मर्यादा, अगर त्याग दें तब हों बाधा।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मन बाएँ॥
ॐ ह्रीं धनधान्यादि-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २८॥

दास-दासियों की सीमाएँ, त्यागें तो सम्मान गंवाएँ।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥
ॐ ह्रीं दासीदासादि-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २९॥

कपड़े बर्तन के प्रमाण को, कभी न त्यागें धर्म प्राण को।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥
ॐ ह्रीं कुप्यभाण्डादि-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३०॥

दिग्व्रत के पाँच अतिचार

सीमा से ऊपर वन चढ़ना, तब तो निश्चित नीचे बढ़ना।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥
ॐ ह्रीं ऊर्ध्वगमन-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३१॥

सीमा से नीचे जो जाए, वो नरकों से क्या बच पाए।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं अधोगमन-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३२॥

मर्यादा से आगे जाना, तो कष्टों का मिले खजाना।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं तिर्यग्गमन-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३३॥

सीमित क्षेत्र बढ़ाते जाना, सिद्धक्षेत्र फिर कैसे पाना।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं अतिक्रमण-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३४॥

की हुई सीमा भूल हि जाना, आत्म तत्त्व फिर कैसे ध्याना।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं सीमाविस्मरण-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३५॥

देशव्रत के पाँच अतिचार

जो वस्तु बाहर सीमा के, अंदर लाना उसे छोड़ दे।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं आन्तरिक-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३६॥

सीमा के बाहर नौकर को, नहीं भेजना है चाकर को।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं बाह्य-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३७॥

सीमा के बाहर खाँसी से, निज आशय ना हो हाँसी से।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं ध्वनिसंकेत-दोषहर्त्ता -दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३८॥

सीमा के बाहर लोगों को, तजें इशारे निज कर्मों को।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥

ॐ ह्रीं कायसंकेत-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३९॥

सीमा के बाहर यदि देखें, कंकर पत्थर आदि न फेकें।
शान्तिप्रभु जी पथ दिखलाओ, दीक्षा की खुशियाँ मनवाओ॥
ॐ ह्रीं दृष्टिसंकेत-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४०॥

अनर्थदण्डव्रत के पाँच अतिचार

(हाकलिका)

हँसकर अशुभ न बोलें जो, दुख कंदर्प न घोलें वो।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं हास्य-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४१॥

अशुभ देह कर बोलें जो, कौत्कुच्य दुख घोलें वो।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं देह-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४२॥

अशुभ बहुत ही बोलें जो, मुखर दुखों को घोलें वो।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं वचन-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४३॥

बिना लक्ष्य मन वच तन की, करें क्रियाएँ क्रन्दन की।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं अनर्थ-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४४॥

बहुत अधिक संग्रह करना, अनर्थदंड त्याग करना।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं संग्रह-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४५॥

सामायिक शिक्षाव्रत के पाँच अतिचार

ध्यान अन्यथा मन के हों, तो क्या भाव भजन के हों।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं ध्यान-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४६॥

वचन अन्यथा वाचन हों, तो क्या सुख के साधन हों।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं अन्यथावचन-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४७॥

कार्य अन्यथा तन के हों, तो क्या मोक्ष निकेतन हों।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं अन्यथाकाय-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४८॥

बिन उत्साह ध्यान धरना, कैसे सामायिक करना।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं उत्साह-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४९॥

चंचलता में भूल गए, सामायिक को छोड़ गए।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं सामायिकविस्मरण-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५०॥

प्रौषधोपवास शिक्षाव्रत के पाँच अतिचार

बिन देखी शोधी भू में, मल मूत्रादिक तजने में।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं भूमि-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५१॥

बिन देखे शोधे साधन, तजें उठाना पाप कदम।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं उपकरण-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५२॥

बिन शोधे रखना आसन, तजें बिछाना संसाधन।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं आसन-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५३॥

भूख-प्यास से आकुल हो, करें धर्म क्या मंगल हो।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं क्षुधा-तृषा-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५४॥

करने योग्य धर्म भूलें, तो दुख का झूला झूलें।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं प्रोषधोपवासविस्मरण-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५५॥

भोगोपभोग परिणाम व्रत के पाँच अतिचार

जीव सहित फल आदि को, खाना तो भव व्याधि हो।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं सचित्त-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५६॥

सचित्त सम्बन्धी भोजन, करने से हो भव-बंधन।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं सचित्तसम्बन्ध-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५७॥

जीव सहित मिश्रित भोजन, करके कब हो पुण्य धरम।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं सचित्तमिश्र-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५८॥

गरिष्ट भोजन करने से, कौन बचाए मरने से।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं भोज्य-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५९॥

कम-बढ़ पका हुआ भोजन, है द्विपक्वाहार अधम।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं द्विकक्व-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६०॥

अतिथिसंविभाग व्रत के पाँच अतिचार

सचित्त पत्तों पर भोजन, रखकर दान है न उत्तम।
शान्तिप्रभु जी शिक्षा दो, हमको सुव्रत दीक्षा दो॥
ॐ ह्रीं सचित्तपत्र-दोषहर्त्ता श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६१॥

सचित्त पत्तों से ढक कर, भोजन दान रहा दुखकर।
ॐ ह्रीं सुपर्णकुमार-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १५॥

सुपर्णकुमार प्रतीन्द्र पूजें, **टिकटौली** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं सुपर्णकुमार-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १६॥

द्वीपकुमार इन्द्र पूजें, **दरगुवांजी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं द्वीपकुमार-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १७॥

द्वीपकुमार इन्द्र पूजें, **कारीटोरन** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं द्वीपकुमार-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १८॥

द्वीपकुमार प्रतीन्द्र पूजें, **देवगढ़ जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं द्वीपकुमार-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १९॥

द्वीपकुमार प्रतीन्द्र पूजें, **गोसलपुर** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं द्वीपकुमार-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २०॥

अग्निकुमार इन्द्र पूजें, **अजयगढ़ जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं अग्निकुमार-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २१॥

अग्निकुमार इन्द्र पूजें, **पनिहार जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं अग्निकुमार-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २२॥

अग्निकुमार प्रतीन्द्र पूजें, **खजुराहो** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं अग्निकुमार-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २३॥

अग्निकुमार प्रतीन्द्र पूजें, **लूणवा जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं अग्निकुमार-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २४॥

वातकुमार इन्द्र पूजें, **बहोरीबंद** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं वातकुमार-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २५॥

वातकुमार इन्द्र पूजें, **कोथली जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं वातकुमार-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २६॥

वातकुमार प्रतीन्द्र पूजें, **थूवौन जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं वातकुमार-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २७॥

वातकुमार प्रतीन्द्र पूजें, **प्रतापगढ़** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं वातकुमार-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २८॥

स्तनितकुमार इन्द्र पूजें, **समसगढ़ जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं स्तनितकुमार-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ २९॥

स्तनितकुमार इन्द्र पूजें, **पाटन जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं स्तनितकुमार-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३०॥

स्तनितकुमार प्रतीन्द्र पूजें, **साखना जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं स्तनितकुमार-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३१॥

स्तनितकुमार प्रतीन्द्र पूजें, **सेंरोन जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं स्तनितकुमार-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३२॥

उदधिकुमार इन्द्र पूजें, **पनागर जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं उदधिकुमार-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३३॥

उदधिकुमार इन्द्र पूजें, **उरवाहा जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं उदधिकुमार-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३४॥

उदधिकुमार प्रतीन्द्र पूजें, **पचराई जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं उदधिकुमार-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३५॥

उदधिकुमार प्रतीन्द्र पूजें, **आवाँ जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं उदधिकुमार-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३६॥

दिक्कुमार इन्द्र पूजें, **सेसई जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं दिक्कुमार-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३७॥

दिक्कुमार इन्द्र पूजें, **बीना जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं दिक्कुमार-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३८॥

दिक्कुमार प्रतीन्द्र पूजें, **पहाड़ी जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं दिक्कुमार-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ३९॥

दिक्कुमार प्रतीन्द्र पूजें, **बम्मोत्तर** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं दिक्कुमार-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४०॥

बत्तीस व्यंतर इन्द्र-प्रतीन्द्र

किन्नर देव इन्द्र पूजें, **अष्टापद** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं किन्नर -इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४१॥

किन्नर देव इन्द्र पूजें, **चम्पापुर** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं किन्नर-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४२॥

किन्नर देव प्रतीन्द्र पूजें, **गिरनारी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं किन्नर-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४३॥

किन्नर देव प्रतीन्द्र पूजें, **पावापुरी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं किन्नर-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४४॥

किंपुरुषों के इन्द्र पूजें, **राजगृही** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं किंपुरुष-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४५॥

किंपुरुषों के इन्द्र पूजें, **मंदारगिरि** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं किंपुरुष-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४६॥

किंपुरुष प्रतीन्द्र सुर पूजें, **गुणावा** जी में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं किंपुरुष-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४७॥

किंपुरुष प्रतीन्द्र सुर पूजें, **मांगीतुंगी** जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं किंपुरुष-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४८॥

महोरग इन्द्र सुर पूजें, **सोनागिरि** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं महोरग-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ४९॥

महोरग इन्द्र सुर पूजें, **पावागिरि** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं महोरग-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५०॥

महोरग के प्रतीन्द्र सुर पूजें, **नैनागिरि** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं महोरग-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५१॥

महोरग के प्रतीन्द्र पूजें, **सिद्धोदय** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं महोरग-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५२॥

गंधर्वों के इन्द्र पूजें, **मुक्तागिरि** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं गंधर्व-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५३॥

गंधर्वों के इन्द्र पूजें, **सिद्धवरकूट** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं गंधर्व-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५४॥

गंधर्वों के प्रतीन्द्र पूजें, **द्रोणागिरी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं गंधर्व-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५५॥

गंधर्वों के प्रतीन्द्र पूजें, **अहार जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं गंधर्व-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५६॥

यक्ष इन्द्र प्रभु को पूजें, **कुण्डलपुर** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं यक्ष-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५७॥

यक्ष इन्द्र प्रभु को पूजें, **ऊन** क्षेत्र में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं यक्ष-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५८॥

यक्ष प्रतीन्द्र देव पूजें, **गोपाचल** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं यक्ष-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ५९॥

यक्ष प्रतीन्द्र देव पूजें, **मथुरा जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं यक्ष-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६०॥

राक्षस देव इन्द्र पूजें, **शौरीपुर** में जय गूँजे।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं राक्षस-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६१॥

राक्षस देव इन्द्र पूजें, **गजपंथा** में जय गूँजे।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं राक्षस-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६२॥

राक्षस के प्रतीन्द्र पूजें, **कुंथलगिरी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं राक्षस-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६३॥

राक्षस के प्रतीन्द्र पूजें, **कचनेर जी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं राक्षस-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६४॥

भूत इन्द्र प्रभु को पूजें **कलिकुण्ड** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं भूत-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६५॥

भूत इन्द्र प्रभु को पूजें, **कोटिशिला** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं भूत-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६६॥

भूतों के प्रतीन्द्र पूजें, **वैजंती** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं भूत-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६७॥

भूतों के प्रतीन्द्र पूजें, **जयसिंहपुर** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं भूत-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६८॥

पिशाचों के इन्द्र पूजें, **उज्जैनी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं पिशाच-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ६९॥

पिशाचों के इन्द्र पूजें, **चूलगिरी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं पिशाच-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७०॥

पिशाच के प्रतीन्द्र पूजें, **फलहोड़ी** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं पिशाच-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७१॥

पिशाच के प्रतीन्द्र पूजें, **शत्रुंजय** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं पिशाच-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७२॥

ज्योतिष देव (दो)

चन्द्र इन्द्र प्रभु को पूजें, **पावागढ़** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं चंद्र-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७३॥

सूर्य प्रतीन्द्र प्रभु पूजें, **तारंगा** में जय गूँजें।
हम तो नमोऽस्तु रोज करें, शान्तिप्रभु सुख शान्ति करें॥

ॐ ह्रीं सूर्य-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७४॥

वैमानिक इन्द्र-प्रतीन्द्र (चौबीस)

(जोगीरासा)

देव इन्द्र सौधर्म स्वर्ग के, मध्यलोक के स्वामी।
सभी पंच कल्याण मनाएँ, जिनवर के अनुगामी॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं सौधर्म-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७५॥

जो प्रतीन्द्र सौधर्म स्वर्ग के, इन्द्रों के अनुगामी।
पाँचों कल्याणक में शामिल, होकर करें नमामि॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं सौधर्म-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७६॥

देव इन्द्र ईशान स्वर्ग के, स्वर्गों के आसामी।
सदा साथ सौधर्म इन्द्र का, देकर पूजें स्वामी॥

मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं ईशान-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७७॥

जो प्रतीन्द्र ईशान स्वर्ग के, इन्द्रों के अनुगामी।
ढाईद्वीप के धर्म ध्यान में, शामिल हों अविरामी॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं ईशान-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७८॥

सनतकुमार इन्द्र श्रद्धा से, करें अर्चना नाचें।
जिनशासन की ध्वज फहराएँ, यश गाथा को वांचें॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं सनतकुमार-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ७९॥

सनतकुमार प्रतीन्द्र सदा ही, सम्यक ज्ञान सराहें।
बहिरातम तज अंतर आतम, बन परमातम न ध्यायें॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं सतनकुमार-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ८०॥

जो माहेन्द्र इन्द्र होते वो, मोक्षमार्ग अपनाएँ।
पाप व्यसन की कथा त्यागकर, संस्कारी हो जाएँ॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं माहेन्द्र-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ८१॥

सुर माहेन्द्र प्रतीन्द्र मगन हों, जिनवर की सेवा में।
स्वर्गों का साम्राज्य भूलकर, रमें ईश अर्चा में॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं माहेन्द्र-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ८२॥

ब्रह्म इन्द्र ब्रह्माण्ड भ्रमण कर, शरण कहीं ना पाए।
तब जाकर सर्वज्ञ देव के, समवसरण में आए॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं ब्रह्म-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ८३॥

ब्रह्म प्रतीन्द्र सदा ही खोजें, प्रभु की छत्र-छाया।
नाथ अनाथों के पाकर के, मिले धर्म की माया॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं ब्रह्म-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ८४॥

लान्तव इन्द्र साधना के पथ, पाने को ललचाएँ।
सो तीर्थंकर प्रभु पूजकर, अपना पुण्य बढ़ाएँ॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं लान्तव-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ८५॥

लान्तव प्रतीन्द्र बड़भागी बन, लाड़-प्यार झलकाएँ।
लालकमल सम प्रभु पगतलियाँ, भजने को अकुलाएँ॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं लान्तव-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ८६॥

शुक्र इन्द्र सम्यग्दर्शन को, प्रभु-दर्शन को आएँ।
रत्नत्रय की राह पकड़ने, मानव कुल को चाहें॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं शुक्र-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ८७॥

शुक्र प्रतीन्द्र महा पूजा को, दिव्यम् द्रव्य सजाते।
महा अर्चना करके अपना, सोया भाग्य जगाते॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं शुक्र-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ८८॥

शतार इन्द्र भक्ति के द्वारा, मानव लोक पधारें।
तीर्थंकर का वैभव देखें, अपलक उन्हें निहारें॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं शतार-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ८९॥

शतार प्रतीन्द्र करें प्रतिज्ञा, पाप पंथ को छोड़े।
पुण्यफला अरिहंता भजने, अपने पथ को मोड़े॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं शतार-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ९०॥

आनत इन्द्र आप्त आगम के, होते हैं अनुयायी।
आतंकों का भय हरने को, मंत्र जपें सुखदाई॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं आनत-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ९१॥

आनत प्रतीन्द्र की परिपाटी, पीड़ा के पथ रोके।
परमेष्ठी का जाप भजन कर, हरें कर्म के धोखे॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं आनत-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ९२॥

प्राणत इन्द्र जिनेश्वर जी की, धार्मिक धार बहाएँ।
अपनी कर्म कालिमा धोने, समकित रूप नहाएँ॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं प्राणत-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ९३॥

प्राणत प्रतीन्द्र की आस्था ने, आराधक आराधे।
संकट दुख उपसर्ग मिटाने, कार्य करें ना आधे॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं प्राणत-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ९४॥

आरण इन्द्र उदाहरण बनते, करके पुण्य कमाई।
योगी के सहयोगी बनके, हरते वैर-बुराई॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं आरण-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ९५॥

आरण प्रतीन्द्र परमेश्वर की, प्रतिमा खूब तराशें।
अरिहन्तों की प्रतिमा पूजें, स्व में स्वयं तलाशें॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं आरण-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ९६॥

अच्युत इन्द्र बड़े अदभुत हों, अतिशय खूब दिखाएँ।
चमत्कार को नमस्कार कर, अपने कर्म खिपाएँ॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं अच्युत-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ९७॥

अच्युत प्रतीन्द्र सेवक बनकर, स्वामी को सत्कारें।
वीतराग की करें प्रशंसा, अपना भाग्य सँवारे॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं अच्युत-प्रतीन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ९८॥

नर के इन्द्र **चक्रवर्ती** भी, निज षट्खण्ड तजें रे।
रत्नत्रय निज निधि पाने को, श्री जिनराज भजें रे॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं नर-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ९९॥

तिर्यंचों के इन्द्र **सिंह** भी, पूजें प्रभु के चरणा।
वध बन्धन के कष्ट त्यागने, भजें चरण प्रभु शरणा॥
मय परिवार जिनालय आके, शान्तिप्रभु को पूजें।
भक्ति भाव से नमोऽस्तु करके, जय-जयकारे गूँजें॥

ॐ ह्रीं तिर्यंच-इन्द्रपूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १००॥

बारह तप (विष्णु)

मोक्षमार्ग में करें साधना, संयम वृद्धि को।
चउ विध का आहार त्याग दें, सुख समृद्धि को॥
शीघ्र स्वस्थ होने को अनशन, तप कर लें आहा।

ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं अनशन-तपोमण्डित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १०१॥

भोजन राग गृद्धता तजने, कम आहार करें।
करे भूख से कम भोजन तो, सुख से कार्य करें॥
प्रेम बढ़ाने को ऊनोदर, तप कर लें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं ऊनोदर-तपोमण्डित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १०२॥

भिक्षा लेने नियम बनाकर, गवेषणा करना।
पुण्य परीक्षा करके अपना, हृदय बड़ा करना॥
वृत्तिपरिसंख्यान नाम का, तप कर लें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं वृत्तिपरिसंख्यान-तपोमण्डित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १०३॥

करने दमन इंद्रियाँ अपनी, षट्-रस त्याग करें।
आतम के रसपान हेतु ही, जड़ के स्वाद तजें॥
रस परित्याग साधना वाला, तप कर लें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं रसपरित्याग-तपोमण्डित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १०४॥

ज्ञान ध्यान स्वाध्याय सिद्धि को, जो एकांत वसें।
बैठें सोएँ ध्यान लगाएँ, आतम में हरषें॥
विविक्तशय्यासन का पावन, तप कर लें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं विविक्तशय्यासन-तपोमण्डित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १०५॥

काया की माया से ममता, मूर्च्छा त्याग करें।
सम्यक् आतापन इत्यादिक, धारण योग करें॥

कल्पवृक्ष सम कायक्लेश का, तप कर लें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं कायक्लेश-तपोमण्डित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १०६॥

प्रमाद या अज्ञान भाव से, जो भी दोष लगें।
उन्हें शुद्ध करने के हेतु, उत्तम क्षमा धरें॥
प्रायश्चित्त तपस्या वाला, तप कर लें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं प्रायश्चित्त-तपोमण्डित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १०७॥

पूज्य जनों की आज्ञा पालन, निज कर्तव्य करें।
रत्नत्रय की बहे त्रिवेणी, मन को शुद्ध करें॥
सम्यक् विनय साधना वाला, तप कर लें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं विनय-तपोमण्डित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १०८॥

तन मन धन वचनों के द्वारा, मुनि सेवा करना।
योगी के प्रतियोगी ना हों, ऐसा पथ चलना॥
धर्म बीज को वैय्यावृत्ति, तप कर लें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं वैय्यावृत्ति-तपोमण्डित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १०९॥

तज आलस्य ज्ञान भावों में, सम्यक् लीन रहें।
करें तत्त्व अभ्यास सदा ही, आत्म प्रवीण रहें॥
अंग सहित स्वाध्याय नाम का, तप कर लें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥
ॐ ह्रीं स्वाध्याय-तपोमण्डित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ११०॥

अहंकार ममकार परिग्रह, वाला त्याग करें।
भार त्याग कर हल्के होकर, नैया पार करें॥
यह व्युत्सर्ग साधना वाला, तप कर लें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं व्युत्सर्ग-तपोमण्डिमत श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ १११॥

त्याग चित्त की चंचलता को, सारे व्यग्र हरें।
तत्त्व चेत्तना के चिंतन में, मन एकाग्र करें॥
सम्यक् ध्यान लगाने वाला, तप कर लें आहा।
ओम् ह्रीं शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः स्वाहा॥

ॐ ह्रीं ध्यान-तपोमण्डिमत श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥ ११२॥

पूर्णार्घ्य

(हरीगीतिका)

शत इन्द्र पूजित लोक में, जिनराज जी के मंत्र हैं।
सो भक्त करके अर्चनाएँ, चल रहे जिनपंथ हैं॥
मेरा तुम्हारा और सबका, हो सदा शुभ मंगलं।
हे! शान्तिनाथ जिनेन्द्र कर दो, मंगलं शुभ मंगलं॥

ॐ ह्रीं द्वादशाधिकशत गुण सहित सर्वविघ्नशान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय पूर्णार्घ्यं...।

(जाप्यमंत्र)

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः।

अथवा

ॐ ह्रीं जगच्छांतिकराय श्री शान्तिनाथाय नमः सर्वोपद्रव शान्तिं कुरु-कुरु स्वाहा।

[इसके बाद पेज नं. २१५ पर जयमाला करके विधान पूर्ण करें।]

॥ इति श्री द्वादशाधिकशत गुण सहित श्री शान्तिनाथ विधान सम्पूर्णम्॥

१५. श्री शान्तिनाथ विधान (१२० अर्घ्य)

संस्कृत का भाषानुवाद

अष्टप्रातिहार्य

(हाकलिका)

अशोक तरुवर हरे भरे, शान्तिप्रभु सम शोक हरे।
हं बीजाक्षरमय भज लो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं ह्म्ल्र्व्यूं बीज सहित अशोक तरु सत्प्रातिहार्य मंडिताय सर्वोपद्रव शान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१॥

दिव्य सुमन सुर बरसाते, शान्तिप्रभु सम सुख लाते।
भं बीजाक्षरमय भज लो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं भ्म्ल्र्व्यूं बीज सहित पुष्पवृष्टि सत्प्रातिहार्य मंडिताय सर्वोपद्रव शान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२॥

दिव्य ध्वनि ओंकारमयी, सुख संपद दे नयी-नयी।
मं बीजाक्षरमय भज लो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं म्म्ल्र्व्यूं बीज सहित दिव्यध्वनि सत्प्रातिहार्य मंडिताय सर्वोपद्रव शान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३॥

चँवर ढुरायें चौसठ देव, उर्ध्वगमन होता स्वयमेव।
रं बीजाक्षरमय भज लो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं र्म्ल्र्व्यूं बीज सहित चामर सत्प्रातिहार्य मंडिताय सर्वोपद्रव शान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४॥

शान्तिप्रभु सिंहासन पर, ऋद्धि सिद्धि दें मोहितकर।
घं बीजाक्षरमय भज लो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं घ्म्ल्र्व्यूं बीज सहित सिंहासन सत्प्रातिहार्य मंडिताय सर्वोपद्रव शान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५॥

सात भवों को भामण्डल, दर्शाकर करता मंगल।
झं बीजाक्षरमय भज लो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं झ्म्ल्व्र्यूं बीज सहित भामंडल सत्प्रातिहार्य मंडिताय सर्वोपद्रव शान्ति-कराय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६॥

देवदुंदुंभि वाद्य बजें, दसों-दिशा तक गूँज उठें।
सं बीजाक्षरमय भज लो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं स्म्ल्व्र्यूं बीज सहित देवदुंदुभि सत्प्रातिहार्य मंडिताय सर्वोपद्रव शान्ति-कराय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७॥

तीन लोक के अधिपति जो, तीन छत्र से शोभित सो।
खं बीजाक्षरमय भज लो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं ख्म्ल्व्र्यूं बीज सहित छत्रत्रय सत्प्रातिहार्य मंडिताय सर्वोपद्रव शान्ति-कराय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८॥

पंच परमेष्ठी

(सखी)

प्रभु तीर्थंकर अरिहन्ता, जय शान्तिनाथ भगवंता।
भण्डार गुणों का पाएँ, हम करके नमोऽस्तु ध्याएँ॥

ॐ ह्रीं जगदापद्विनाशनाय अरिहंतपरमेष्ठी-स्वरूप श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९॥

प्रभु सकल सिद्ध अविनाशी, जय शान्तिनाथ विधि नाशी।
पथ वीतरागता पाएँ, हम करके नमोऽस्तु ध्याएँ॥

ॐ ह्रीं जगदापद्विनाशनाय सिद्धपरमेष्ठी स्वरूप श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०॥

गुरु पंचाचार विधाई, जय शान्तिनाथ सुखदाई।
हर दुर्गुण व्यसन नशाएँ, हम करके नमोऽस्तु ध्याएँ॥

ॐ ह्रीं जगदापद्विनाशनाय आचार्यपरमेष्ठी स्वरूप श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११॥

हे! उपाध्याय श्रुत स्वामी, जय शान्तिनाथ निजध्यानी।
भय वैर विरोध नशाएँ, हम करके नमोऽस्तु ध्याएँ॥

ॐ ह्रीं जगदापद्विनाशनाय उपाध्यायपरमेष्ठी स्वरूप श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१२॥

निर्ग्रंथ साधु मुनि रूपा, जय शान्तिनाथ चिद्रूपा।
प्रभु हमको शरण बुलाएँ, हम करके नमोऽस्तु ध्याएँ॥

ॐ ह्रीं जगदापद्विनाशनाय साधुपरमेष्ठी स्वरूप श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१३॥

रत्नत्रय

निर्दोष सकल गुणधारी, दें शान्तिनाथ हितकारी।
वह सम्यग्दर्शन पाएँ, हम करके नमोऽस्तु ध्याएँ॥

ॐ ह्रीं जगदापद्विनाशनाय सम्यग्दर्शन प्राप्तये श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१४॥

जो दोष रहित जिनवाणी, दें शान्तिनाथ कल्याणी।
वह सम्यग्ज्ञानम् पाएँ, हम करके नमोऽस्तु ध्याएँ॥

ॐ ह्रीं जगदापद्विनाशनाय सम्यग्ज्ञान प्राप्तये श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१५॥

श्री चारित्तं खलु धम्मो, प्रभु शान्तिनाथजी तुम हो।
निर्दोष चरित वह पाएँ, हम करके नमोऽस्तु ध्याएँ॥

ॐ ह्रीं जगदापद्विनाशनाय सम्यक्चारित्र प्राप्तये श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१६॥

अष्ट कर्म

(हाकलिका)

कर्म हरे ज्ञानावरणी, पूज्य बनें अनन्तज्ञानी।
धर्म दान शुभ वस्तु दो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं ज्ञानावरणकर्मसम्बन्धी उपद्रव निवारक अनन्तज्ञानगुण धारक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१७॥

हरे दर्शनावरणी जो, अनन्तदर्शन स्वामी वो।
निज दर्शन की वस्तु दो शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं दर्शनावरणकर्मसम्बन्धी उपद्रव निवारक अनन्तदर्शनगुण धारक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१८॥

वेदनीय पर विजय किए, अनन्त सुख को भोग लिए।
आतम सुख की वस्तु दो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं वेदनीयकर्मसम्बन्धी उपद्रव निवारक अनन्तसुखगुण धारक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१९॥

मोहनीय को नष्ट किए, अनन्तसम्यक् प्राप्त किए।
श्रद्धा सुख की वस्तु दो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं मोहनीयकर्मसम्बन्धी उपद्रव निवारक अनन्तसम्यक्गुण धारक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२०॥

आयु कर्म के बंधन को, नष्ट किए भव क्रन्दन को।
चरण शरण की वस्तु दो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं आयुकर्मसम्बन्धी उपद्रव निवारक अव्याबाधत्वगुण धारक श्रीशान्ति-नाथाय अर्घ्यं...॥२१॥

नामकर्म के रंग हरे, आतम को निस्संग करे।
सूक्ष्म स्वरूपी वस्तु दो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं नामकर्मसम्बन्धी उपद्रव निवारक अगुरुलघुत्वगुण धारक श्रीशान्ति-नाथाय अर्घ्यं...॥२२॥

गोत्र कर्म परिहार किए, आतम का शृंगार किए।
सर्वोत्तम निज वस्तु दो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं गोत्रकर्मसम्बन्धी उपद्रव निवारक सूक्ष्मत्वगुण धारक श्रीशान्ति-नाथाय अर्घ्यं...॥२३॥

अंतराय नाशे पाँचों, अनन्तवीर्य का यश वाँचों।
आत्म शक्ति की वस्तु दो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं अंतरायकर्मसम्बन्धी उपद्रव निवारक अनन्तवीर्य धारक श्रीशान्ति-नाथाय अर्घ्यं...॥२४॥

बत्तीस इन्द्रों द्वारा पूजन

(अर्द्ध जोगीरासा)

असुर इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥

ॐ ह्रीं असुरकुमारेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२५॥

नाग इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं नागकुमारेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२६॥

विद्युत इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं विद्युत्कुमारेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२७॥

सुपर्ण इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं सुपर्णकुमारेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२८॥

अग्नि इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं अग्निकुमारेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२९॥

वात इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं वातकुमारेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३०॥

स्तनित इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं स्तनितकुमारेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३१॥

उदधि इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं उदधिकुमारेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३२॥

द्वीप इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं द्वीपकुमारेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३३॥

दिशा इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं दिक्कुमारेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३४॥

किन्नर इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं किन्नरेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३५॥

किम्पुरुष इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं किम्पुरुषेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३६॥

महोरग इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं महोरगेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३७॥

गंधर्व इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं गन्धर्वेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३८॥

यक्ष इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं यक्षेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३९॥

राक्षस इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ ॥
ॐ ह्रीं राक्षसेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४०॥

भूत इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं भूतेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४१॥

पिशाच इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं पिशाचेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४२॥

चंद्र इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं चंद्रनामकेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४३॥

सूर्य इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं भास्करेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४४॥

सौधर्म इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं सौधर्मेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४५॥

ईशान इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं ईशानेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४६॥

सनत इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं सनत्कुमारेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४७॥

माहेन्द्र इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं माहेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४८॥

ब्रह्म इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं ब्रह्मेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४९॥

लान्तव इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं लान्तवेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५०॥

शुक्र इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं शुक्रेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५१॥

शतार इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं शतारेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५२॥

आनत इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं आनतेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५३॥

प्राणत इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं प्राणतेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५४॥

आरण इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं आरणेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५५॥

अच्युत इन्द्र परिवार सहित श्री- शान्तिनाथ गुण गाएँ।
करके नमोऽस्तु हम भी पूजें, शान्ति-विधान रचाएँ॥
ॐ ह्रीं अच्युतेन्द्रेण पूजित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५६॥

(हाकलिका)

मन के सभी विकार हरें, सुख-धन की बौछार करें।
शान्तिनाथ सुखशान्ति दें, हम नमोऽस्तु सादर कर लें॥
ॐ ह्रीं मानसिक विकारोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५७॥

वचनों के सब दोष हरें, भक्तों को निर्दोष करें।
शान्तिनाथ संपत्ति दें, हम नमोऽस्तु सादर कर लें॥

ॐ ह्रीं वाचनिक विकारोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५८॥

तन के सभी विकार हरें, आतम को भव पार करें।
शान्तिनाथ भव मुक्ति दें, हम नमोऽस्तु सादर कर लें॥

ॐ ह्रीं कायिक-विकारोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५९॥

देश राज्य घर नगरों के, हरें उपद्रव भक्तों के।
शान्तिनाथ मंगल कर दें, हम नमोऽस्तु सादर कर लें॥

ॐ ह्रीं जिनराज-लक्ष्मीपुरगेहोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६०॥

कर्मोदय जब अशुभ हुए, धन दौलत दारिद्र हुए।
शान्तिनाथ अच्छा कर दें, हम नमोऽस्तु सादर कर लें॥

ॐ ह्रीं दारिद्रोद्भवोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६१॥

कुष्ट जलोदर कैंसर सम, रोग उपद्रव हों उपशम।
शान्तिनाथ निरोग कर दें, हम नमोऽस्तु सादर कर लें॥

ॐ ह्रीं भीम-भगंदर-गलितकुष्ठ-गुल्म-जलोदर-रक्त-पित्त-कफ-वात-स्फोटकादि उपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६२॥

इष्ट वियोग अनिष्ट संयोग, हरें उपद्रव दुख के योग।
शान्तिनाथ सुख भर-भर दें, हम नमोऽस्तु सादर कर लें॥

ॐ ह्रीं इष्टवियोगानिष्टसंयोगोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६३॥

सेना वाले सभी कलंक, हरें उपद्रव भय आतंक।
शान्तिनाथ निर्भय कर दें, हम नमोऽस्तु सादर कर लें॥

ॐ ह्रीं स्वचक्र-परचक्रोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६४॥

अस्त्र शस्त्र हथियारों के, हरें उपद्रव वारों के।
शान्तिनाथ निशंक कर दें, हम नमोऽस्तु सादर कर लें॥

ॐ ह्रीं विविधायुधोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६५॥

मगरमच्छ जल-पानी के, हरें उपद्रव प्राणी के।
शान्तिनाथ पार कर दें, हम नमोऽस्तु सादर कर लें॥

ॐ ह्रीं दुष्टजलचरजीवोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६६॥

सिंहादिक वनवासी के, हरें उपद्रव यात्री के।
शान्तिनाथ यात्रा सुख दें, हम नमोऽस्तु सादर कर लें॥

ॐ ह्रीं व्याघ्र-सिंह-गजादिकोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६७॥

क्रूर जीव धरती नभ के, हरें उपद्रव हम सब के।
शान्तिनाथ स्वतंत्र कर दें, हम नमोऽस्तु सादर कर लें॥

ॐ ह्रीं भूचर-गगनचर-क्रूर-जीवोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं॥६८॥

सर्प विच्छू जो जहरीले, हरें उपद्रव विष वाले।
शान्तिनाथ अमृत कर दें, हम नमोऽस्तु सादर कर लें॥

ॐ ह्रीं व्याल-वृश्चिकादि-विषोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६९॥

पैने विष नख सींगों के, हरें उपद्रव जीवों के।
शान्तिनाथ मंगल कर दें, हम नमोऽस्तु सादर कर लें॥

ॐ ह्रीं दुष्टजीव-पद-कर-नखोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७०॥

दाँत चोंच मुख पशुओं के, हरें उपद्रव दुखियों कें।
शान्तिनाथ अबंध कर दें, हम नमोऽस्तु सादर कर लें॥

ॐ ह्रीं चंचु-तुंड-दाढ़-कंटकोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७१॥

भीषण ज्वाला आगों के, हरें उपद्रव भव्यों के।
शान्तिनाथ शीतल कर दें, हम नमोऽस्तु सादर कर ॥

ॐ ह्रीं दावानलोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७२॥

(जोगीरासा)

पवन वेग के हरें उपद्रव, आँधी तूफां सारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं प्रचण्ड-पवनोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७३॥

नाव जहाज के हरें उपद्रव, सागर बीच किनारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं नौका-स्फोट-पतनोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७४॥

वन पर्वत के हरें उपद्रव, भू-मण्डल आधारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं वन-नग-मेदिनी-भयंकरोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं.॥७५॥

नदी कुंआ के हरें उपद्रव, झील जलाशय वाले।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं नदी-सरोवराब्धि-कूप-ह्रदोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं.॥७६॥

देव योग के हरें उपद्रव, प्रकृति प्रदत्त सारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं विद्युत्पातादि-उपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७७॥

युद्ध शत्रु के हरें उपद्रव, अस्त्रों शस्त्रों वाले।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं संग्राम-स्थलादिनिकटोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७८॥

कर्मोदय के हरें उपद्रव, भूत पिशाचों वाले।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं डाकिनी-शाकिनी-भूत-पिशाचादिभय निवारकाय श्री शान्ति-नाथाय अर्घ्यं...॥७९॥

दुर्विद्या के हरें उपद्रव, तन्त्रों मन्त्रों वाले।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं मोहन-स्तम्भनोच्चाटन-प्रमुख-दुष्टविद्योपद्रव-निवारकाय श्री शान्ति-नाथाय अर्घ्यं...॥८०॥

मिथ्यागुण के हरें उपद्रव, दुष्ट नवग्रह वाले।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं दुष्टग्रहाद्युपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८१॥

वध-बंधन के हरें उपद्रव, लोह शृंखला वाले।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं शृंखलाद्युपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८२॥

अल्प आयु के हरें उपद्रव, कर्म असाता वाले।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं अल्पमृत्युपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८३॥

दुख-दुर्भिक्ष के हरें उपद्रव, भूख-प्यास के सारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं दुर्भिक्षोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८४॥

व्यापारों के हरें उपद्रव, सम्पत्ति बंटवारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं व्यापारवृद्धि-रहित्योपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८५॥

घर-कुटुम्ब के हरें उपद्रव, वैर विरोधों वाले।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं बंधुत्वोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८६॥

घर-बाहर के हरें उपद्रव, बिन सम्बन्धों वाले।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं अकुटुम्बत्वोपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८७॥

अपमानों के हरें उपद्रव, मन संतापों वाले।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं अपकीर्त्युपद्रव-निवारकाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८८॥

जग कल्याणी मिले सम्पदा, रत्नत्रय गुण सारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं सम्पूर्णकल्याण-मंगलप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८९॥

चिंतामणि सम मिले सम्पदा, शुभ-लाभों के द्वारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं चिंतामणिसमान-चिंतित-फलप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९०॥

कल्पवृक्ष सम मिले सम्पदा, सुख संयोगों वाले।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं कल्पवृक्षोपम-कल्पितार्थ-फलप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९१॥

कामधेनु सम मिले सम्पदा, इच्छित पदार्थ सारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं कामधेनूपम-कामनापूर्ण-फलप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९२॥

धर्म-ध्यान की मिले सम्पदा, अंतराय सब टारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं परमोज्ज्वल-धर्मध्यान-बाधारहित-अनवद्यबोधप्रदाय श्रीशान्ति-नाथाय अर्घ्यं...॥९३॥

कामदेव सम मिले सम्पदा, उत्सव नयन सितारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं कामदेवस्वरूप-प्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९४॥

स्वस्थ देह की मिले सम्पदा, देह सुगंधित सारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं सुगंधितशरीर-प्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९५॥

चिदानंद की मिले सम्पदा, भव्य कमल गुण सारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं त्रैलोक्यनाथ-आह्लादकारक-पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९६॥

परम गुणों की मिले सम्पदा, धवल विमल गुण सारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं परमोज्ज्वल-गुणगण-सहित-पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९७॥

वाचस्पति सम मिले सम्पदा, प्रतिभा सम्मान सारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं वाचस्पतिसमान-पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९८॥

चक्रवर्ति सम मिले सम्पदा,निधियाँ रत्न सहारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं चक्रवर्तिसमान-पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९९॥

मुक्तिवधू सम मिले सम्पदा, उच्च कुलीन सहारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं उच्चकुल-प्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१००॥

व्रत-श्रावक की मिले सम्पदा, उत्तम संयम वाले।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं श्रावक-सद्वृत्तकरण-बुद्धिप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०१॥

यशवर्धन की मिले सम्पदा, जो कीर्ति विस्तारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं परमोज्ज्वल-कीर्तिप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०२॥

राजपाठ की मिले सम्पदा, निज वैराग्य संभारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं कल्याणकर-राजधनदसम-लक्ष्मीप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०३॥

देव मनुज की मिले सम्पदा, पशु नारकी टारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं नरकतिर्यंच-गतिरहित-नरसुर-गतिसहित-भवप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०४॥

तीर्थकर की मिले सम्पदा, सोलहकारण सारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं षोडशकारण-भावना-साधन-बलप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०५॥

पुत्ररत्न की मिले सम्पदा, सोलह सपने वाले।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं जिनेन्द्रतुल्यपुत्र-पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०६॥

जिनवर शिशु की मिले सम्पदा, गर्भ जन्म सुख वाले।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं मेरुशिखरे-स्नानयुक्त-पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०७॥

मुनि दीक्षा की मिले सम्पदा, भव तन भोग निवारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं सिद्धसाक्षि-दीक्षाकारि-भवप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०८॥

उत्तम संहनन मिले सम्पदा, कर्म कुठार नशा रे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं वज्रवृषभनाराच-संहनन-पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०९॥

रत्नत्रय की मिले सम्पदा, यथाख्यात गुण धारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं यथाख्यात-रत्नत्रयाचरण-युक्त-बलप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११०॥

शुद्धातम की मिले सम्पदा, शुद्धोपयोग धारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं स्वात्म-ध्यानामृत-स्वादसहित-भवप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१११॥

समवसरण की मिले सम्पदा, बारह सभा निहारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं समवसरण-विभूति-पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११२॥

केवलज्ञानी मिले सम्पदा, दिव्य देशना धारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं सत्केवलज्ञान-विभूति-पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११३॥

सिद्ध सुखों की मिले सम्पदा, आठों कर्म निवारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं निरंजन-पदप्रदाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११४॥

चिदानंद की मिले सम्पदा, रोग शोक दुख हारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं चिदानंदकरण-समर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११५॥

वचनानंदी मिले सम्पदा, बुद्धि विकार निवारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं वचनानंदकरण-समर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११६॥

कायानंदी मिले सम्पदा, आधि.व्याधि परिहारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं कायानंदकरण-समर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११७॥

अर्थ वर्ग की मिले सम्पदा, तीर्थोद्धार सहारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं अर्थ-वर्ग-सिद्धिसाधन-करण-समर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११८॥

काम वर्ग की मिले सम्पदा, जो वैराग्य निखारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं काम-वर्ग-सिद्धिसाधन-करण-समर्थाय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११९॥

मोक्ष वर्ग की मिले सम्पदा, चेतन घर शृंगारे।
शान्तिनाथ को करके नमोऽस्तु, होते वारे-न्यारे॥

ॐ ह्रीं मोक्षपुरुषार्थ-सिद्धिसाधनकरण-समर्थाय श्री शान्ति-नाथाय अर्घ्यं...॥१२०॥

पूर्णार्घ्य

(हरीगीतिका)

श्री शान्तिनाथ जिनेश जी, आराध्य हैं संसार के।
रतिनाथ हैं चक्रीश हैं, तीर्थेश हैं शिवद्वार के॥
दुख पाप विघ्न समूह आदिक, शान्ति हो भव कर्म की।
ले अर्घ्य हम भी पूजते हैं, प्राप्ति हो निज धर्म की॥
मेरा तुम्हारा और सबका, हो सदा शुभ मंगलं।
हे! शान्तिनाथ जिनेन्द्र कर दो, मंगलं शुभ मंगलं॥

ॐ ह्रीं शतैकविंशति गुण सहित सर्वविघ्नशान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय पूर्णार्घ्यं...।

(जाप्यमंत्र)

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः।

अथवा

ॐ ह्रीं जगच्छांतिकराय श्री शान्तिनाथाय नमः सर्वोपद्रव शान्तिं कुरु-कुरु स्वाहा।

[इसके बाद पेज नं. २१५ पर जयमाला करके विधान पूर्ण करें।]

॥ इति श्री शतैकविंशति गुण सहित श्री शान्तिनाथ विधान सम्पूर्णम्॥

निश्चिंतता में
भोगी सो जाता, वहीं
योगी खो जाता

१६. श्री शान्तिनाथ महामण्डल विधान (१२० अर्घ्य)

अष्टप्रातिहार्य

(हाकलिका)

अशोक तरुवर हरे भरे, शान्तिप्रभु सम शोक हरे।
हं बीजाक्षर मय भज लो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं ह्म्ल्व्र्यूं बीज सहित अशोकतरु सत्प्रातिहार्य मंडिताय सर्वोपद्रव शान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१॥

दिव्य सुमन सुर बरसाते, शान्तिप्रभु सम सुख लाते।
भं बीजाक्षर मय भज लो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं भ्म्ल्व्र्यूं बीज सहित पुष्पवृष्टि सत्प्रातिहार्य मंडिताय सर्वोपद्रव शान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२॥

दिव्यध्वनि ओंकारमयी, सुख सम्पद दे नई-नई।
मं बीजाक्षर मय भज लो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं म्म्ल्व्र्यूं बीज सहित दिव्यध्वनि सत्प्रातिहार्य मंडिताय सर्वोपद्रव शान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३॥

चँवर ढुरायें चौंसठ देव, उर्ध्वगमन होता स्वयमेव।
रं बीजाक्षर मय भज लो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं र्म्ल्व्र्यूं बीज सहित चामर सत्प्रातिहार्य मंडिताय सर्वोपद्रव शान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४॥

शान्तिप्रभु सिंहासन पर, ऋद्धि-सिद्धि दें मोहित कर।
घं बीजाक्षर मय भज लो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं घ्म्ल्व्र्यूं बीज सहित सिंहासन सत्प्रातिहार्य मंडिताय सर्वोपद्रव शान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५॥

सात भवों को भामण्डल, दर्शाकर करता मंगल।
झं बीजाक्षर मय भज लो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं झ्म्ल्व्र्यूं बीज सहित भामंडल सत्प्रातिहार्य मंडिताय सर्वोपद्रव शान्ति-कराय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६॥

देव दुंदुंभि वाद्य बजें, दसों-दिशा तक गूँज उठें।
सं बीजाक्षर मय भज लो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं स्म्ल्व्र्यूं बीज सहित देवदुंदुभि सत्प्रातिहार्य मंडिताय सर्वोपद्रव शान्ति-कराय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७॥

तीन लोक के अधिपति जो, तीन छत्र से शोभित सो।
खं बीजाक्षर मय भज लो, शान्तिप्रभु को नमोऽस्तु हो॥

ॐ ह्रीं ख्म्ल्व्र्यूं बीज सहित छत्रत्रय सत्प्रातिहार्य मंडिताय सर्वोपद्रव शान्ति-कराय श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८॥

श्रावक का सोला वर्णन

(जोगीरासा)

आटे दाल आदि मर्यादित, प्रासुक शुद्ध रहे जो।
अन्न शुद्धि वह कहे शान्तिप्रभु, चारित शुद्ध करे जो॥
द्रव्य शुद्धि से आत्म शुद्धि को, सोला कहते सोला।
जैनधर्म का बच्चा बोला, शान्तिप्रभु अनमोला॥

ॐ ह्रीं अन्न-आपद-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९॥

जीवाणी लायक मर्यादित, प्रासुक नीर रहे जो।
नीर शुद्धि वह कहे शान्तिप्रभु, चारित शुद्ध करे जो॥
द्रव्य शुद्धि से आत्म शुद्धि को, सोला कहते सोला।
जैनधर्म का बच्चा बोला, शान्तिप्रभु अनमोला॥

ॐ ह्रीं जल-आपद-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०॥

जल आहार पकाने लायक, प्रासुक अग्नि रहे जो।
अग्नि शुद्धि वह कहे शान्तिप्रभु, चारित शुद्ध करे जो॥

द्रव्य शुद्धि से आत्म शुद्धि को, सोला कहते सोला।
जैनधर्म का बच्चा बोला, शान्तिप्रभु अनमोला॥

ॐ ह्रीं अग्नि-आपद-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११॥

आगम विधि से तन वस्त्रों की, दाता शुद्धि रखे जो।
कर्त्ता शुद्धि वह कहे शान्तिप्रभु, चारित शुद्ध करे जो॥
द्रव्य शुद्धि से आत्म शुद्धि को, सोला कहते सोला।
जैनधर्म का बच्चा बोला, शान्तिप्रभु अनमोला॥

ॐ ह्रीं कर्त्ता-आपद-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१२॥

सूर्य प्रकाश वहाँ आता हो, दाता-पात्र जहाँ हो।
प्रकाश शुद्धि वह कहे शान्तिप्रभु, चारित शुद्ध करे जो॥
क्षेत्र शुद्धि से आत्म शुद्धि को, सोला कहते सोला।
जैनधर्म का बच्चा बोला, शान्तिप्रभु अनमोला॥

ॐ ह्रीं प्रकाश-आपद-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१३॥

शुद्ध वायु प्राकृतिक वहाँ हो, दाता-पात्र जहाँ हो।
वायु शुद्धि वह कहे शान्तिप्रभु, चारित शुद्ध करे जो॥
क्षेत्र शुद्धि से आत्म शुद्धि को, सोला कहते सोला।
जैनधर्म का बच्चा बोला, शान्तिप्रभु अनमोला॥

ॐ ह्रीं वायु-आपद-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१४॥

आवागमन वहाँ न होवे, दाता-पात्र जहाँ हो।
गमन शुद्धि वह कहे शान्तिप्रभु, चारित शुद्ध करे जो॥
क्षेत्र शुद्धि से आत्म शुद्धि को, सोला कहते सोला।
जैनधर्म का बच्चा बोला, शान्तिप्रभु अनमोला॥

ॐ ह्रीं आवागमन-आपद-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१५॥

हिंसा मैल गंदगी ना हो, दाता-पात्र जहाँ हो।
हिंसा शुद्धि वह कहे शान्तिप्रभु, चारित शुद्ध करे जो॥
क्षेत्र शुद्धि से आत्म शुद्धि को, सोला कहते सोला।
जैनधर्म का बच्चा बोला, शान्तिप्रभु अनमोला॥

ॐ ह्रीं हिंसा-आपद-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१६॥

रात न हो जब पात्र-दान दो, या आहार बना हो।
रात्रि शुद्धि वह कहे शान्तिप्रभु, चारित शुद्ध करे जो॥
काल शुद्धि से आत्म शुद्धि को, सोला कहते सोला।
जैनधर्म का बच्चा बोला, शान्तिप्रभु अनमोला॥

ॐ ह्रीं रात्रि-आपद-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१७॥

ग्रहण न हो जब पात्र दान दो, या आहार बना हो।
ग्रहण शुद्धि वह कहे शान्तिप्रभु,चारित शुद्ध करे जो॥
काल शुद्धि से आत्म शुद्धि को, सोला कहते सोला।
जैनधर्म का बच्चा बोला, शान्तिप्रभु अनमोला॥

ॐ ह्रीं ग्रहण-आपद-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१८॥

शोक न हो जब पात्र दान दो, या आहार बना हो।
शोक शुद्धि वह कहे शान्तिप्रभु, चारित शुद्ध करे जो॥
काल शुद्धि से आत्म शुद्धि को, सोला कहते सोला।
जैनधर्म का बच्चा बोला, शान्तिप्रभु अनमोला॥

ॐ ह्रीं शोक-आपद-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१९॥

शोर न हो जब पात्र दान दो, या आहार बना हो।
शोर शुद्धि वह कहे शान्तिप्रभु, चारित शुद्ध करे जो॥
काल शुद्धि से आत्म शुद्धि को, सोला कहते सोला।
जैनधर्म का बच्चा बोला, शान्तिप्रभु अनमोला॥

ॐ ह्रीं जन्मशोरविकृति-आपद-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२०॥

स्नेह रखो जब पात्र दान दो, या आहार बना हो।
स्नेह शुद्धि वह कहे शान्तिप्रभु, चारित शुद्ध करे जो॥
भाव शुद्धि से आत्म शुद्धि को, सोला कहते सोला।
जैनधर्म का बच्चा बोला, शान्तिप्रभु अनमोला॥

ॐ ह्रीं स्नेह-आपद-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२१॥

दया रखो जब पात्र दान दो, या आहार बना हो।
दया शुद्धि वह कहे शान्तिप्रभु, चारित शुद्ध करे जो॥
भाव शुद्धि से आत्म शुद्धि को, सोला कहते सोला।
जैनधर्म का बच्चा बोला, शान्तिप्रभु अनमोला॥

ॐ ह्रीं दया-आपद-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२२॥

विनय रखो जब पात्र दान दो, या आहार बना हो।
विनय शुद्धि वह कहे शान्तिप्रभु, चारित शुद्ध करे जो॥
भाव शुद्धि से आत्म शुद्धि को, सोला कहते सोला।
जैनधर्म का बच्चा बोला, शान्तिप्रभु अनमोला॥

ॐ ह्रीं विनय-आपद-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२३॥

धर्म समझकर पात्र दान दो, या आहार बना हो।
दान शुद्धि वह कहे शान्तिप्रभु, चारित शुद्ध करे जो॥
भाव शुद्धि से आत्म शुद्धि को, सोला कहते सोला।
जैनधर्म का बच्चा बोला, शान्तिप्रभु अनमोला॥

ॐ ह्रीं धर्म-आपद-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२४॥

बत्तीस अन्तराय

(विष्णु)

भोजन में मल-मूत्र देह पर, गिरे पक्षियों का।
काक नाम का विघ्न वही जो, हरे शान्ति झौंका॥

शान्तिप्रभु करुणा बरसा के, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं पक्षी-आदिघोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२५॥

पाणि-पात्र से ग्रास कोई भी, पक्षी ले दौड़ें।
काकादिक उस **पिण्डहरण** से, झट भोजन छोड़ें॥
शान्तिप्रभु शुद्धात्म धार से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं शत्रुपतन-पातनादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२६॥

भोजन में जब हुआ वमन तो, भोजन करना क्या।
वमन नाम का विघ्न वही है, उससे डरना क्या?॥
शान्तिप्रभु ज्ञानामृत दे के, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं वमन दिनाई आदि घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२७॥

चर्या में चारांगुल से जब, ज्यादा रुधिर दिखे।
रुधिर नाम का विघ्न समझकर, क्या आहार रुचे॥
शान्तिप्रभु अध्यात्म नीर से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं रक्त विकार-रक्तस्रावादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२८॥

भोज्य काल में अपना पर का, रोना धोना क्यों।
अश्रुपात वह विघ्न समझकर, खाना-पीना क्यों?॥
शान्तिप्रभु निज आत्म क्षमा से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं नेत्रविकार-अश्रुपात-अतिवृष्टि-अनावृष्टि-ओलावृष्टि- असमयवृष्टि-बाढ़-जलादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥२९॥

मृत्यु शोक का समाचार जब, कोई जन सुनता।
मरण नाम का विघ्न समझकर, क्या भोजन रुचता॥
शान्तिप्रभु अपनत्व भाव से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं हत्या-आत्महत्या-भ्रूणहत्यादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३०॥

वाद विवाद कलह के पल में, जो आहार हुआ।
कलह नाम का विघ्न समझकर, देह विकार हुआ॥
शान्तिप्रभु वात्सल्य भाव से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं वादविवाद-कलह-संघर्षादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३१॥

भोज्य काल में पञ्चेन्द्री का, हुआ माँस दर्शन।
माँसदर्श वह विघ्न समझकर, कौन करे भोजन॥
शान्तिप्रभु कारुण्य भाव से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं माँसाहार-निमित्तादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३२॥

यदि आहार समय में कोई, प्राणी वध होता।
उसे **जन्तुवध** विघ्न जानकर, क्या भोजन होता॥
शान्तिप्रभु अपने आश्रय से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं प्राणी-वध-बंधन-चीत्कार-गौहत्यादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्रीशान्ति-नाथाय अर्घ्यं...॥३३॥

भरी अंजली से भोजन का, कुछ भी पिण्ड गिरे।
पिण्डपतन वह विघ्न जानकर, भोजन छोड़ो रे॥
शान्तिप्रभु कल्याण भाव से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं असहनीय-कर्मकष्ट-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३४॥

भोजन में पञ्चेन्द्री प्राणी, पैर-बीच निकलें।
उस **पादांतरजीव** विघ्न में, कभी न भोजन लें॥
शान्तिप्रभु जग मंगल करके, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं हिंस्रपशु-सिंह-सर्पादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३५॥

देव आदि आहार समय में, जो उपसर्ग करें।
उस **देवाद्युपसर्ग** विघ्न में, क्या आहार करें?॥
शान्तिप्रभु साहस धीरज दे, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं बाह्यबाधा-भूतप्रेतपिशाचादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३६॥

अगर भरे या खाली बर्तन, भोज्य-काल गिरते।
उस **भाजनसंपात** विघ्न से, मुनि भोजन तजते॥
शान्तिप्रभु निज ब्रह्मरमण से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं बाह्यपरिग्रह-भाजनादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३७॥

यदि आहारकाल में मल का, हुआ विसर्जन तो।
उस **उच्चार** विघ्न में धर्मी, छोड़ें भोजन को॥
शान्तिप्रभु शुचि रत्नत्रय से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं मल-अवरोध-अतिसार-संग्रहणी-पेचिस-भगंदरबाधादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥३८॥

शुक्र वीर्य या मूत्र पतन यदि, हो आहारों में।
उसे **प्रस्त्रवण** विघ्न समझ के, फँस न विकारों में॥
शान्तिप्रभु निज आत्मशक्ति से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं मूत्रवीर्य-विकारादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं.॥३९॥

अगर उदर से कृमी निकलते, भोजन की अवधि।
उदरकृमिनिर्गमन विघ्न में, खाद्य तजो जल्दी॥
शान्तिप्रभु बन ज्ञाता दृष्टा, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं उदरविकार-कृमि-शूल-पित्त-ज्वर-अपच्यादि-घोरोपद्रव विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४०॥

सूतक पातक वाले घर में, जो आहार हुआ।
वो **अभोज्यगृह** विघ्न उसी से, हा-हाकार हुआ॥
शान्तिप्रभु निज ज्ञान ज्योति से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं सोर-सूतक-पातकादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४१॥

जहाँ नाभि के नीचे सिर को, करके हो जाना।
नाभ्यधोनिर्गमन विघ्न में, कुछ भी ना खाना॥

शान्तिप्रभु परमार्थ भाव से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं कटिप्रदेशनाभि-पदसन्धिविकारादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्रीशान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४२॥

चर्या में यदि महाव्रती जन, कोई गिर जाएँ।
पतन नाम का विघ्न समझकर, कुछ न पिएँ खाएँ॥
शान्तिप्रभु उपकार भाव से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं मूर्च्छा-मिर्गी-तनाव-अवसादादि-घोरोपद्रव -विनाशक श्रीशान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४३॥

सन्त अगर आहार समय में, गलती से बैठे।
उपवेशन वह विघ्न समझकर, खान-पान छूटे॥
शान्तिप्रभु समरसी भाव से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं पदस्थ-आसनपदासक्ति-आदिघोरोपद्रव-विनाशक श्रीशान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४४॥

कुत्ता बिल्ली यदि चर्या में, चौके में आते।
सदंश विघ्न से छोड़ अंजली, संत बैठ जाते॥
शान्तिप्रभु वैराग्य भाव से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं श्वान-मार्जार-बर्र-मक्छिकादंशादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्रीशान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४५॥

अशुद्ध नर-नारी यदि छू ले, चर्या काल कभी।
शूद्रस्पर्श का विघ्न समझकर, तज आहार तभी॥

शान्तिप्रभु निज भेदज्ञान से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं दुष्टजन-स्त्री-नपुंसकादिकृत-घोरोपद्रव -विनाशक श्रीशान्ति-नाथाय अर्घ्यं...॥४६॥

अगर अंजली में आ जाए, त्यागी वस्तु तो।
सेवनप्रत्याख्यान विघ्न से, भोजन तज तू तो॥
शान्तिप्रभु निज परिणामों से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं अभक्ष्य-अनुपसेव्य-विकृतरस-विषादिकृत-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४७॥

यदि आहार काल में कर से, भू का हो छूना।
भूमिस्पर्श का विघ्न समझकर, अंतराय करना॥
शान्तिप्रभु निर्मोह भाव से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं भू-पर्वत-गगनादि-सिन्धुकृत-घोरोपद्रव-विनाशक श्रीशान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥४८॥

भोजन में यदि मुख से कफ-मल, थूक आदि निकले।
निष्ठीवन का विघ्न समझकर, भोजन को तज ले॥
शान्तिप्रभु निर्मल भावों से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं कफ-थूक-मुखविकारादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्रीशान्तिनाथाय अर्घ्यं..॥४९॥

चर्या में निज या अन्यों पर, हुए प्रहार कभी।
तो **प्रहार** का विघ्न समझकर, छोड़ें भोज्य तभी॥

शान्तिप्रभु तत्त्वोपलब्धि से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं खड्ग-चाकू-अस्त्र-शस्त्रादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्रीशान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५०॥

घुटनों से नीचे यदि अपने, स्पर्श हाथ का हो।
विघ्न **जान्वध** परामर्श से, झट भोजन त्यागो॥
शान्तिप्रभु प्रत्यक्ष भाव से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं स्पर्शरोगादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५१॥

भोजन में यदि नाभि जाँघ के, नीचे हाथ हुए।
विघ्न **जानुपरिव्यतिक्रम** से, भोजन त्याग हुए॥
शान्तिप्रभु निज शुद्ध भाव से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं मर्यादा-उल्लंघनादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं.॥५२॥

अगर अंजली में कोई भी, आकर जीव मरे।
पाणिजन्तुवध विघ्न समझकर, भोजन कौन करे॥
शान्तिप्रभु निज समयसार से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं अरक्षा-सुरक्षा-भयादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५३॥

हाथ पाँव से बिना दान दी, वस्तु ले लेना।
अदत्तदत्तग्रहण विघ्न से, भोजन तज देना॥
शान्तिप्रभु निज चिदानन्द से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं लूटचोरी-अपहरणादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं....॥५४॥

चर्या में यदि शहर नगर में, जब भी आग लगे।
ग्रामदाह का विघ्न समझकर, ज्ञानी भोज्य तजे॥
शान्तिप्रभु चैतन्य भाव से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं भूकम्प-ज्वालामुखी-अग्निदाहादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्रीशान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥५५॥

चर्या में यदि मल मूत्रों से, छपे पैर या तन।
तो **अमेध्य** वह विघ्न समझकर, शीघ्र तजें भोजन॥
शान्तिप्रभु चिद्रूपभाव से, सभी विघ्न हर लो।
हम तो करें नमोऽस्तु स्वामी!, आप कृपा कर दो॥

ॐ ह्रीं मलमूत्र-उपसर्गादि-घोरोपद्रव-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं.॥५६॥

सोलहकारण भावना

(चौपाई)

निर्मल सम्यग्दर्शन चित धर, बने शान्तिप्रभु त्रय-पद धरकर।
दरशविशुद्धि धरें हम स्वामी, अतः शान्तिप्रभु को प्रणमामि॥

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धि-भावनाभूषित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं..॥५७॥

धर्म और धर्मी को झुककर, बने शान्तिप्रभु त्रय-पद धरकर।
विनय सम्पन्न बनें हम स्वामी, अतः शान्तिप्रभु को प्रणमामि॥

ॐ ह्रीं विनयसम्पन्नता-भावनाभूषित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं..॥५८॥

दोष रहित व्रत शील धारकर, बने शान्तिप्रभु त्रय-पद धरकर।
कठिन शील धारें हम स्वामी, अतः शान्तिप्रभु को प्रणमामि॥

ॐ ह्रीं शीलव्रतेष्वनतिचार- भावनाभूषित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं....॥५९॥

ज्ञान धार में सदा तैरकर, बने शान्तिप्रभु त्रय-पद धरकर।
सदा ज्ञान रत हों हम स्वामी, अतः शान्तिप्रभु को प्रणमामि॥

ॐ ह्रीं अभीक्ष्णज्ञानोपयोग-भावनाभूषित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६०॥

भव-तन भोग विराग धार कर, बने शान्तिप्रभु त्रय-पद धरकर।
नित संवेग धरें हम स्वामी, अतः शान्तिप्रभु को प्रणमामि॥
ॐ ह्रीं अभीक्ष्णसंवेग-भावनाभूषित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६१॥॥

त्याग किया निज शक्ति याद कर, बने शान्तिप्रभु त्रय-पद धरकर।
त्याग करें हम बल से स्वामी, अतः शान्तिप्रभु को प्रणमामि॥
ॐ ह्रीं शक्तितस्त्याग-भावनाभूषित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६२॥

इच्छाएँ तज तप से सजकर, बने शान्तिप्रभु त्रय-पद धरकर।
तप धारें हम बल से स्वामी, अतः शान्तिप्रभु को प्रणमामि
ॐ ह्रीं शक्तितस्तप-भावनाभूषित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६३॥

संतों के उपसर्ग टालकर, बने शान्तिप्रभु त्रय-पद धरकर।
साधुसमाधि पाएँ हम स्वामी, अतः शान्तिप्रभु को प्रणमामि
ॐ ह्रीं साधुसमाधि-भावनाभूषित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६४॥

रोगी संतों की सेवा कर, बने शान्तिप्रभु त्रय-पद धरकर।
वैय्यावृत्य करें हम स्वामी, अतः शान्तिप्रभु को प्रणमामि॥
ॐ ह्रीं वैय्यावृत्यकरण-भावनाभूषित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं....॥६५॥

अर्हत् भक्ति विनय से कर कर, बने शान्तिप्रभु त्रय-पद धरकर।
अर्हत्भक्ति करें हम स्वामी, अतः शान्तिप्रभु को प्रणमामि॥
ॐ ह्रीं अर्हत्भक्ति-भावनाभूषित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६६॥

गुरु आचार्य भक्ति को कर कर, बने शान्तिप्रभु त्रय-पद धरकर।
आचार्यभक्ति करें हम स्वामी, अतः शान्तिप्रभु को प्रणमामि॥
ॐ ह्रीं आचार्यभक्ति-भावनाभूषित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६७॥

उपाध्याय गुरु-भक्ति विनय कर, बने शान्तिप्रभु त्रय-पद धरकर।
बहुश्रुतभक्ति करें हम स्वामी, अतः शान्तिप्रभु को प्रणमामि॥
ॐ ह्रीं बहुश्रुतभक्ति-भावनाभूषित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥६८॥

धर्म प्रकाशक शास्त्र समझ कर, बने शान्तिप्रभु त्रय-पद धरकर।
प्रवचनभक्ति करें हम स्वामी, अतः शान्तिप्रभु को प्रणमामि॥
ॐ ह्रीं प्रवचनभक्ति-भावनाभूषित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं....॥६९॥

यथाकाल छह आवश्यक कर, बने शान्तिप्रभु त्रय-पद धरकर।
आवश्यक धारें हम स्वामी, अतः शान्तिप्रभु को प्रणमामि॥
ॐ ह्रीं आवश्यकापरिहाणि-भावनाभूषित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७०॥

प्रभावना जिनशासन की कर, बने शान्तिप्रभु त्रय-पद धरकर।
प्रभावना मय हों हम स्वामी, अतः शान्तिप्रभु को प्रणमामि॥
ॐ ह्रीं मार्गप्रभावना-भावनाभूषित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७१॥

धर्मी से गौ वत्स प्रीति कर, बने शान्तिप्रभु त्रय-पद धरकर।
प्रवचन-प्रेम करें हम स्वामी, अतः शान्तिप्रभु को प्रणमामि॥
ॐ ह्रीं प्रवचनवत्सलत्व-भावनाभूषित श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७२॥

आत्मा की सेंतालीस (४७) शक्तियाँ

(जोगीरासा)

जिससे जीव रहेगा था है, कोई मार न पाए।
आत्मशक्ति **जीवत्व** उसे ही, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
जन्म मरण का भय दुख हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥
ॐ ह्रीं अल्पमृत्यु-अयोग्य-मरणभय-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७३॥

जिससे आतम जड़-पुद्गल में, कभी बदल ना पाए।
आत्मशक्ति **चितिशक्ति** उसे ही, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
कष्ट चार गतियों के हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥
ॐ ह्रीं चतुर्गति-भयवेदना-शान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७४॥

अनाकार सामान्य ज्ञेय की, सत्ता जो झलकाए।
आत्मशक्ति **दृशिशक्ति** उसे ही, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
निज-परकृत संक्लेश हरण को, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं शासन-प्रशासन-सत्तावेदना-शान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७५॥

जो विशेष साकार ज्ञान गुण, ज्ञेय वस्तु बतलाए।
आत्मशक्ति उस **ज्ञानशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
मिथ्या प्रचार ज्ञान का हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं परनिन्दाज्ञान-दुरुपयोग-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७६॥

रहा अनाकुल लक्षण जिसका, आत्मिक सुख उपजाए।
आत्मशक्ति **सुखशक्ति** उसे ही, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
जीवों के दुख दर्द हरण को, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं विश्व-वैरदुःख-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७७॥

अपने स्वरूप की रचना में, ज्ञान दर्श सुख लाए।
आत्मशक्ति उस **वीर्यशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
वज्र समान धैर्य साध्य को, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं शक्तिदुष्प्रभाव-शान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७८॥

जो अखण्ड प्रताप स्वतंत्रता, दे महिमा बढ़वाए।
आत्मशक्ति **प्रभुत्वशक्ति** वह, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
दीन हीन वैधव्य हरण को, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं दीन-हीन-दारिद्रय-वैधव्य-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥७९॥

एक रूप पर सर्व भाव में, जो व्यापक दिख जाए।
आत्मशक्ति उस **विभुत्वशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
पारिवारिक विघटन हरने को, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं पारिवारिक-विघटन-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८०॥

सकल विश्व सामान्य रूप जो, निज परणति दर्शाए।
सर्वदर्शित्व उस आत्मशक्ति को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
पारिवारिक वैर हरण को, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं पारिवारिक-वैर-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८१॥

लोकालोक विशेष रूप जो, निज परणति बतलाए।
वो **सर्वज्ञत्वशक्ति** उसी को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
बुद्धिमंदता के दुख हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं बुद्धि-मंदता-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८२॥

रूप अमूर्तिक होकर सब जग, दर्पण सम झलकाए।
वही **स्वच्छत्वशक्ति** उसी को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
आत्ममैल काला-मुख हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं आत्ममैल-मुखमैल-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८३॥

स्वयं प्रकाशित विशद विमल जो, स्वानुभव करवाए।
वही **प्रकाशशक्ति** उसी को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
दुष्ट परिग्रह-ग्रह दुख हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं परिग्रह-ग्रह-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८४॥

फैले सिकुड़े आत्म-देश पर, चित्-विलास सब पाए।
असंकुचित **विकासशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
शत्रु विरोधी प्रभाव हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं शत्रु-विरोधी-दुष्प्रभावशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८५॥

आतम को कोई न बनाता, आतम कुछ न बनाए।
उस **अकार्य-कारणत्वशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
लक्ष्य विरोधी प्रभाव हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं लक्ष्य-विरोधी-दुष्प्रभावशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८६॥

निज-आतम निज-पर को जाने, जाने हमें पराए।
परिणाम्य-पारिणामकत्वशक्ति को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
सदोष चारित्र प्रभाव हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं सदोष-चारित्र-दुष्प्रभावशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८७॥

जो ना कम हो नहीं अधिक हो, नियतरूप अपनाए।
त्यागोपादान-शून्यत्वशक्ति को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
लेन-देन की बाधा हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं हीनाधिकता-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८८॥

षट्-गुणी वृद्धि-हानि रूप जो, सदा प्रतिष्ठा पाए।
अगुरु-लघुत्वशक्ति उसी को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
मान-प्रतिष्ठा का भय हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं मानप्रतिष्ठा-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥८९॥

क्रम-अक्रम के रूप परिणमन, फिर भी नश ना पाए।
उत्पाद-व्यय-ध्रुवत्वशक्ति को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
पद स्थानान्तरण हरने को, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं पदस्थान-स्थानान्तरण-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९०॥

विरुद्ध और अविरुद्ध भाव भी, द्रव्यों में रह जाएँ।
आत्मशक्ति **परिणामशक्ति** वो, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
बन्धु वर्ग टकरार हरण को, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं कुटुम्ब-अकुटुम्ब-कलह-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९१॥

कर्मबंध से रहित अमूर्तिक, व्यक्त सहज हो जाए।
वो **अमूर्तत्त्वशक्ति** उसी को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
जेल शृंखला बंधन हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं जेल-शृङ्खला-बन्धन-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९२॥

ज्ञान भाव बिन सब कर्मों का, कर्त्ता जो न कहाए।
वो **अकर्तृत्वशक्ति** उसी को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
तन्त्र-मन्त्र जादू-टोना हर, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं तन्त्र-मन्त्र-छलछिद्र-दृष्टिमुष्टि-परविद्या-वेदनाशान्त्यर्थं श्रीशान्ति-नाथाय अर्घ्यं...॥९३॥

ज्ञान-भाव बिन सब कर्मों का, भोक्ता जो न कहाए।
वो **भोक्तृत्वशक्ति** उसी को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
राग-भोग आदिक विकार हर, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं रागभोग-वासना-शान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९४॥

कर्म रहित आतम प्रदेश सब, हिल-डुल-चल ना पाएँ।
वो **निष्क्रियत्वशक्ति** उसी को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
मन वच तन के विकार हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं मन-वचन-काय-विकारवेदना-शान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९५॥

चरम देह से फैलन सिकुड़न आत्म न्यून शिव पाए।
उस **नियत-प्रदेशत्वशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
हरने दुख निज-वास्तु दोष को, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं निज-वास्तु-दोष-वेदना-शान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९६॥

सब पर्यायों में रह चेतन, उन मय हो ना पाए।
स्वधर्म-व्यापकत्वशक्ति वह, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
विभाव धर्म-शक्ति दुख हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं परमत-विभाव-वेदना-शान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९७॥

समान मिश्र असमान त्रिविध जो, स्व-पर धर्म धर पाए।
उस **साधारण** आदि शक्ति को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
नारि नपुंसक नर दुख हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं स्त्री-पुरुष-नपुंसक-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥९८॥

भिन्न लक्षणों के अनन्त गुण, एक-मेक रह जाएँ।
अनन्त-धर्मत्वशक्ति उसी को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
जाति भेद की कटुता हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं जातिभेद-कटुता-वेदनाशान्त्यर्थं श्रीशान्ति-नाथ जिनेन्द्राय अर्घ्यं...॥९९॥

अतद्रूप तद्रूप शत्रुगण, हिल मिल साथ निभाएँ।
विरुद्ध-धर्मत्वशक्ति उसी को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
आपस के मन-मुटाव हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं मनभेद-कलुषता-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१००॥

जो जैसा है उस सा होना, उससे डिग ना पाए।
आत्मशक्ति उस **तत्त्वशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
हरने मत मतान्तरों का दुख, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं मत-मतान्तर-विखराव-युद्ध-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०१॥

निज गुण तज पर सम ना होना, संकर दोष नशाएँ।
आत्मशक्ति वो **अतत्त्वशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
बोल-चाल की पीड़ा हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं कुशील-व्यसन-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०२॥

बहु पर्यायी होकर भी जो, एकत्व न तज पाए।
आत्मशक्ति **एकत्वशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
निज एकल परिवार कष्ट हर, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं निज-एकल-परिवार-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०३॥

एक द्रव्य होकर भी आतम, बहु पर्यायें पाए।
आत्मशक्ति **अनेकत्व** उसी को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
चउ-पुरुषार्थ सिद्धि दुख हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।

शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष-पुरुषार्थ-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०४॥

वर्तमान की दशा सहित जो, आतम को ठहराए।
आत्मशक्ति उस **भावशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
कैंसर आदिक के दुख हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं कैन्सर-क्षयरोग-हृदयाघात-आदिक-वेदनाशान्त्यर्थं श्रीशान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०५॥

वर्तमान की दशा छोड़कर, अन्य दशा ना भाए।
आत्मशक्ति वो **अभावशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
परीक्षा की बेचैनी हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं परीक्षाभय-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०६॥

जो पर्याय आज की कल वह, निश्चित ही नश जाए।
उस ही **भाव-अभावशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
नष्ट वस्तु की चिन्ता हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं नष्टवस्तुचिन्ता-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०७॥

पूर्व न थीं पर अगले पल जो, उदय हुईं पर्यायें।
उस ही **अभाव-भावशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
गाड़ी वाहन दुर्घटना हर, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं रेलयान-वाहनादि-दुर्घटना-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०८॥

जो होने लायक पर्यायें, होने को हो जाएँ।
आत्मशक्ति उस **भाव-भाव** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
जिन गुरु आज्ञा पालन करने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं आज्ञा-उल्लंघन-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१०९॥

होने योग न जो पर्यायें, कभी न होने पाएँ।
अभाव-अभावशक्ति उसी को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
गुरु सान्निध्य सदा ही पाने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं आश्रय-अभाव-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११०॥

हर कारक की क्रिया रहित जो, भवन मात्र रह जाए।
आत्मशक्ति उस **भावशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
गुरु वियोग वेदना हरने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं गुरु-वियोग-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१११॥

षट्कारक अनुसार क्रिया जो, भावमयी करवाए।
आत्मशक्ति उस **क्रियाशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
गुरु चरणों में समाधि करने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं समाधि-अभाव-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११२॥

पाने योग्य सिद्धरूपी जो, निर्मल भाव दिलाए।
आत्मशक्ति उस **कर्मशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
सद् आज्ञाकारी सुत बनने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं संतान-अभाव-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११३॥

होने रूप सिद्ध भावों को, करना जो सिखलाए।
वो **कर्त्तृत्वशक्ति** उसको भी, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
मुक्तिवधू से विवाह करने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं कुविवाह-बालविवाह-अविवाह-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११४॥

होने वाले भावों में जो, साधकतम बन जाए।
आत्मशक्ति उस **करणशक्ति** को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
कल्पवृक्ष मणि कामधेनु सम, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं वांछितफल-अभाव-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११५॥

भाव स्वयं के हुए स्वयं को, पर क्या दे क्या पाए।
वो **सम्प्रदानशक्ति** उसी को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
दीक्षा-विद्या, गुरु से पाने, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं अयोग्यकुल-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११६॥

जिससे व्यय उत्पाद हुए पर, कभी न नशने पाए।
वो **अपादानशक्ति** उसी को, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
पाण्डुकशिला पर न्हवन प्राप्ति को,आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं स्नानवेदना-शान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११७॥

होने योग्य आत्म भावों को, जो आधार दिलाए।
वो **अधिकरणशक्ति** उसको, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
मात-पिता गुरु की सेवा को, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं मातृ-पितृ-गुरु-वेदनाशान्त्यर्थं श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥११८॥

अपना स्वभाव बस अपना जो, चिदानन्द दिलवाए।
वो **संबंधशक्ति** उसे ही, शान्तिप्रभु प्रकटाए॥
इष्ट-वियोग अनिष्ट-योग हर, आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥

ॐ ह्रीं इष्ट-वियोग-अनिष्टसंयोगरूप-परसम्बन्ध-वेदनाशान्त्यर्थं श्रीशान्ति-नाथाय अर्घ्यं...॥११९॥

(वसन्ततिलका)

जो कामदेव फिर चक्र धरे जिनेशा।
प्राणी त्रिधा चरण याद करें हमेशा॥
है नाम मात्र जिनका दुख विघ्नहारी।
हे! शान्तिनाथ भगवन्, जय हो तुम्हारी॥

ॐ ह्रीं कामदेव-चक्री-तीर्थंकर-त्रयपदधारी-अतिशयकारी वातपित्तकफादि देहविकार-विनाशक श्री शान्तिनाथाय अर्घ्यं...॥१२०॥

पूर्णार्घ्यं

(हरिगीतिका)

पूर्ण एक सौ बीस अर्घ्य ले, शान्तिप्रभु हम पूजें।
विश्वशान्ति अध्यात्म प्राप्ति को, शान्तिप्रभु ना दूजे॥
निज सम निज को बनने हे जिन! आत्मशक्ति दो स्वामी।
शान्तिप्रभु के पद-कमलों में, बारम्बार नमामि॥
मेरा तुम्हारा और सबका, हो सदा शुभ मंगलं।
हे! शान्तिनाथ जिनेन्द्र कर दो, मंगलं शुभ मंगलं॥

ॐ ह्रीं शतैकविंशति-गुण सहित सर्वविघ्न-शान्तिकराय श्री शान्तिनाथाय पूर्णार्घ्यं...।

(जाप्यमंत्र)

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्राय नमो नमः। (अथवा)
ॐ ह्रीं जगच्छांतिकराय श्री शान्तिनाथाय नमः सर्वोपद्रव शान्तिं कुरु-कुरु स्वाहा।

जयमाला

(दोहा)

विघ्न हरण मंगलकरण, शान्तिनाथ भगवान्।
जिनकी पूजन से मिले, वीतराग विज्ञान॥

(ज्ञानोदय)

जय हो! जय हो! शान्ति प्रभो की, जय-जय अतिशयकारी की।
जय हो! जय हो! दया सिन्धु की, जय-जय मंगलकारी की॥
वीतराग - सर्वज्ञ - हितैषी, महिमा खूब तुम्हारी है।
सबके दिल पर छाए रहते, अजब-गजब बलिहारी है॥१॥
पिछले भव में रहे मेघरथ, राज-पाठ जिनने छोड़ा।
मुनि बन तीर्थंकरप्रकृति का, नामकर्म बन्धन जोड़ा॥
फिर प्रायोपगमन धारण कर, कर संन्यासमरण उत्तम।
काया तज अहमिन्द्र बने फिर, हस्तिनागपुर लिया जनम॥२॥
विश्वसेन नृप ऐरा रानी, तुमको पाकर धन्य हुए।
गर्भ जन्म कल्याणक करके, सारे भक्त प्रसन्न हुए॥
शंख सिंह भेरी घण्टा से, जन्म सूचना पाकर के।
चार निकायों के देवों ने, पर्व मनाया आकर के॥३॥
गर्भ-भवन में शचि-इन्द्राणी, जाकर के माँ बालक को।
सुला दिया माया-निद्रा से, उठा लिया जिन-बालक को॥
सौंप दिया सौधर्म इन्द्र को, इन्द्र चले ऐरावत से।
सुमेरु पर जन्माभिषेक कर, नाम शान्तिनाथ रक्खे॥४॥
चक्र शंख सूरज चंदादिक, चिह्न सुनहरे थे तन में।
होकर कामदेव बारहवें, किन्तु रहे निज चेतन में॥
कुमारकाल बीत जाने पर, विश्वसेन निज राज्य दिए।

चौदह रत्न और नौ निधियाँ, प्रकट हुए जो भोग लिए॥ ५॥
शान्ति चक्रवर्ती ने इक दिन, दर्पण में दो मुख देखे।
आत्मज्ञान वैराग्य हुआ तो, क्षणभंगुर वैभव फैंके॥
ज्यों घर तजने का सोचे तो, लौकान्तिक अनुमोदन पा।
राज्य दिया नारायण सुत को, फिर दीक्षा अभिषेक हुआ॥ ६॥
तब सर्वार्थसिद्धि पालकी, से गृह तजने यतन किए।
सहस्त्र आम्रवन में दीक्षा ले, पंचमुष्ठि केशलौंच किए॥
शान्तिनाथ जब बने दिगम्बर, धरती अम्बर गूँज पड़े।
ज्ञान मनःपर्यय प्रकटा तो, भक्ति पुण्य सब लूट चले॥७॥
मन्दिरपुर में सुमित्र राजा, दीक्षा का आहार दिए।
पंचाश्चर्य पुण्य पाया तो, सब ने जय-जयकार किए॥
सोलह वय छद्मस्थ बिता के, बने केवली शान्तीश्वर।
समवसरण फिर हुआ सुशोभित, थे छत्तीस पूज्य गणधर॥ ८॥
मासिक योगनिरोध धारकर, श्री सम्मेदशिखर पर जा।
शुक्लध्यान से कर्म नशाकर, सिद्ध मोक्ष में बने अहा॥
जो श्रीषेण हुए राजा फिर, भोगभूमि में आर्य हुए।
देव हुए फिर विद्याधर जो, देव हुए बलभद्र हुए॥९॥
देव हुए वज्रायुध चक्री, फिर अहमिन्द्र मेघरथ बन।
मुनि सर्वार्थसिद्धि पहुँचे फिर, तीर्थंकर शान्ति भगवन्॥
ऐसे शान्तिनाथ भगवन् के, बारह-बारह भव सुन्दर।
शान्तिनाथ सा अन्य कौन जो, धर्म धुरंधर तीर्थंकर॥१०॥
कामदेव ने जन्म धारकर, जीती सब सुन्दरताएँ।
शान्तिनाथ ने चक्री बनकर, जय की सभी सम्पदाएँ॥
तीर्थंकर बन शान्तिनाथ ने, पाया मोक्ष कर्म कर क्षय।

कामदेव चक्री तीर्थंकर, शान्तिप्रभु की बोलो जय॥११॥
कालचक्र वश लुप्त धर्म को, वृषभ आदि प्रभु दिखलाए।
फिर भी प्रसिद्ध अवधि अंत तक, बोलो कौन चला पाए?
किन्तु बाद में शान्तिप्रभु से, मोक्षमार्ग जो प्रकट हुआ।
अपनी निश्चित अवधिकाल तक, बिन बाधा के प्राप्त हुआ॥१२॥
ऐसे शान्तिनाथ भगवन् का, ध्यान निरन्तर धारो तो।
होगा भला शान्ति भी होगी, बुध ग्रह में मत बाँधो तो॥
आज आद्य गुरु शान्तिनाथ का, चमत्कार कुछ अलग दिखे।
खण्ड-खण्ड सौभाग्य पिण्ड भी, 'सुव्रत' पुण्य अखण्ड दिखे॥१३॥

(सोरठा)

हिरण चिह्न पहचान, शान्तिनाथ प्रभु नाम है।
त्रयपद मय भगवान्, बारम्बार प्रणाम है॥
पुण्य खरीदा आज, भक्ति मूल्य का दाम दें।
शान्तिनाथ जिनराज, स्वर्ग मोक्ष सुख धाम दें॥

ॐ ह्रीं जगदापद्विनाशनाय श्री शान्तिनाथाय अनर्घपदप्राप्तये जयमाला पूर्णार्घ्यं...।

(दोहा)

शान्तिनाथ स्वामी करें, विश्वशान्ति कल्याण।
प्रासुक जल की धार दे, हम पूजत भगवान्॥

(शान्तये शान्तिधारा)

कल्पवृक्ष के पुष्प सम, पुष्पांजलि पद लाए।
भव दुःखों को मेंट दो, शान्तिनाथ जिनराय॥

(पुष्पांजलिं...)

===

॥ इति श्री शान्तिनाथविधान सम्पूर्णम्॥

महार्घ्य

(हरिगीतिका)

अर्हंत सिद्धाचार्य आदि, देव परमेष्ठी भजें।
रत्नत्रयी दसधर्म पूजें, भावना सोलह भजें॥
कृत्रिम अकृत्रिम बिंब आलय, हम भजें त्रय लोक के।
अनुयोग चारों तीर्थ पाँचों, पूजते हम ढोक दे॥
प्रभु नाम कल्याणक भजें, नंदीश्वरा मेरु भजें।
श्री सिद्ध-अतिशयक्षेत्र पूजें, तीस चौबीसी भजें॥
मन से वचन से काय से हम, जैनशासन पूजते।
जिन पूजकर निज प्राप्ति हेतु, चेतना सुख खोजते॥

(दोहा)

सर्व पूज्य को हम भजें, आत्मसिद्धि के काज।
महा अर्घ्य ले पूजतेएकरके नमोऽस्तु आज॥

ॐ ह्रीं भावपूजा-भाववंदना-त्रिकालपूजा-त्रिकालवंदना-कृत-कारित-अनुमोदना-विषये श्री अर्हंत-सिद्ध-आचार्य-उपाध्याय-सर्वसाधु-रूप-पंचपरमेष्ठिभ्यो नमः। प्रथमानुयोग-करणानुयोग-चरणानुयोग-द्रव्यानुयोग-रूप-द्वादशांग-जिनागमेभ्यो नमः। उत्तमक्षमादि-दशलक्षण-धर्मेभ्यो नमः। दर्शनविशुद्ध्यादि-षोडशकारणेभ्यो नमः। सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रेभ्यो नमः। उर्ध्वलोक-मध्यलोक-अधोलोक-संबंधिनः-त्रिलोक-स्थित-कृत्रिम-अकृत्रिम-जिनबिम्बेभ्यो नमः। विदेहक्षेत्र-स्थित-विद्यमान-विंशति-तीर्थंकरेभ्यो नमः। पंचभरत-पंचऐरावत-दशक्षेत्र-संबंधिनः त्रिंशत्-चतुर्विंशति-संबंधिनः-सप्तशतक-विंशति तीर्थंकरेभ्यो नमः। नंदीश्वरद्वीप-संबंधिनः-द्विपञ्चाशत्-जिनालयस्थ-पंचसहस्त्र-षट्शतक-षोडश-जिनबिम्बेभ्यो नमः।

पञ्चमेरु-सम्बधी-अशीति जिनालयस्थ-अष्टसहस्त्र-षट्शतक-चत्वारिंशत्-जिनबिम्बेभ्यो नमः। श्रीसम्मेदशिखर-अष्टापद-गिरनार-चम्पापुर-पावापुर-कुण्डलपुर-पवाजी-सोनागिरादि-सिद्धक्षेत्रेभ्यो नमः। जैनबद्री-मूढ़बद्री-हस्तिनापुर-तिजारा-पद्मपुरा-महावीरजी-आदि अतिशय-क्षेत्रेभ्यो नमः। श्रीवृषभादि-वीरान्त-चतुर्विंशति-तीर्थंकरादि-नवदेवता-जिन-समूहेभ्यो नमः।

ॐ ह्रीं श्रीमतं भगवंतं कृपालसंतं श्री वृषभादि-वीरांतान् चतुर्विंशति तीर्थंकर आद्यानांआद्ये जम्बूद्वीपे - भरतक्षेत्रे - आर्यखण्डे - भारतदेशे मध्यप्रदेशे-...जिलान्तर्गते..मासोत्तममासे..मासे..पक्षे...तिथौ..वासरे..मुनि-आर्यिकाणां-श्रावकश्राविकाणां सकलकर्मक्षयार्थं जलादि-महाऽर्घ्यं...।

शांतिपाठ

(हरीगीतिका)

हम इन्द्र चक्री तो नहीं बस, मूढ़ जैसे भक्त हैं।
धन ज्ञान वा सम्यक् क्रिया की, शास्त्र विधि से रिक्त हैं॥
बस आपके श्रद्धालु हैं हम, भक्ति को मजबूर हों।
सो गल्तियाँ होना सहज हैं, जो क्षमा से दूर हों॥
तुम तो क्षमा अवतार हो, प्रभु दान दो उत्तम क्षमा।
तो हम क्षमाधारी बनें कुछ, पुण्य पूजा से कमा॥
जब तक क्षमा का धाम निज में, ना मिले विश्राम तो।
तब तक मिले अर्हंत शरणा, सिद्ध प्रभु का ध्यान हो॥

(दोहा)

अपने उर में बह उठे, विश्व शांति की धार।
कर्मों के ग्रह शांति को, नमोऽस्तु बारम्बार॥

(शान्तिधारा...)

(हरीगीतिका)

अभ्यास शास्त्रों का करें, निर्ग्रंथ गुरु की अर्चना।
हो विश्व शांति आत्म शांति, पूर्ण हो यह प्रार्थना॥
हो रोग ना व्याधि किसी को, खेद ना दुख कष्ट हों।
मौसम सदा अनुकूल होवे, जीव ना पथ भ्रष्ट हों॥

(दोहा)

परमेष्ठी का मंत्र जो, महामंत्र णमोकार।
हम सब मिलकर अब यहाँ, मत्र जपें नौ बार॥

(पुष्पांजलिं... कायोत्सर्गं...)

विजर्सन पाठ

(दोहा)

ज्ञान और अज्ञान से, रही भूल जो नाथ।
आगम-विधि वो पूर्ण हो, पाकर तेरा हाथ॥
मंत्रादिक से हीन मैं, नहिं पूजन का ज्ञान।
मुझे क्षमा कर दीजिए, चरण शरण का दान॥
शीश झुकाऊँ आज मैं, हो पूजा सम्पन्न।
पाप हरो मंगल करो, करो मुझे प्रभु धन्य॥

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा नमः अर्हदादि परमेष्ठिनः पूजन विधिं विसर्जनं करोमि। अपराध क्षमापणं भवतु। (कायोत्सर्गं...)

===

१. श्री शान्तिनाथजी—आरती

(छूम छूम छना ननना...)

छूम छूम छना ननना बाजे, बाबा करूँ आरतिया।
करूँ आरतिया बाबा करूँ आरतिया॥ छूम छूम....
विश्वसेन के राज दुलारे, ऐरा माँ के नयन सितारे।-२
हस्तिनापुर अवतारे, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...
चौबीसी में सबसे न्यारे, शान्तिनाथ भगवान हमारे।-२
हैं प्राणों से प्यारे, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...
कामदेव चक्री तीर्थंकर, वीतराग सर्वज्ञ हितंकर।-२
विश्वशान्ति के सहारे, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...
धर्मधार को आप बहाते, कर्मों के ग्रह रोग नशाते।-२
शान्तिधारा वाले, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...
आत्मशान्ति के हम अभिलाषी, विद्या गुरु के हम विश्वासी।२
'सु-व्रत' के प्रत्याशी, बाबा करूँ आरतिया॥ करूँ...

===

गुरु ने मुझे
प्रकट कर दिया
दीया दे दिया

२. श्री शान्तिनाथजी—आरती

(लय : विद्यासागर की गुण...)

शान्तीश्वर की, परमेश्वर की, शुभ मंगल दीप सजाय हो,
हम आज उतारें आरतिया॥
विश्वसेन ऐरादेवी के गर्भ विषें प्रभु आये।
हस्तिनागपुर जन्म लिया था, सब जन मंगल गाये,
प्रभुजी, सब जन मंगल गाये।
तीर्थंकर की, क्षेमंकर की, शुभ मंगल दीप प्रजाल हो,
हम आज उतारें आरतिया॥ १॥
तीन-तीन पदवी के धारी, लोकालोक निहारी।
धर्मधार को पुनः बहाकर, सुखी किए संसारी,
प्रभुजी, सुखी किए संसारी।
जगस्वामी की, शिवधामी की, हो बार-बार गुण गायके,
हम आज उतारें आरतिया॥ २॥
दर्शन करके अतिशय सुनके, जीवन सफल बनायें।
भक्तिभाव से आरती करके, पुण्य शान्ति हम पाएँ,
प्रभुजी, पुण्य शान्ति हम पाएँ।
शुभकारी की, अघहारी की, धर 'सुव्रत' शीश झुकाय के,
हम आज उतारें आरतिया॥ ३॥
शान्तिश्वर की .....॥

===

३. श्री शान्तिनाथजी—आरती

ओम् जय शान्तिनाथ देवा, जय शान्तिनाथ देवा।
करके नमोऽस्तु आरति, भक्त करें सेवा॥
ओम् जय...।
कामदेव चक्रेश्वर, तीर्थंकर ज्ञानी- स्वामी....
तीन तीन पद धारी, कल्याणक स्वामी॥
ओम् जय...।
मोक्षमार्ग के नेता, दुख संकट हर्ता- स्वामी....
आत्म शान्ति के भोक्ता, विश्वशान्ति कर्ता॥
ओम् जय...।
दुख कर्मों का क्षय हो, बोधि लाभ पाएँ- स्वामी...
मरण समाधि करके, जिन गुण धन पाऐं॥
ओम् जय...।
हम तो करते वंदन, जिनवर स्वीकारो- स्वामी...
हर कर विघ्न अशान्ति, 'सुव्रत' को तारो॥
ओम् जय...।

===

संघर्ष में भी
चंदन सम सदा
सुगन्धि बाटूँ

भजन

शान्तिप्रभु मेरे जीवन की नाँव।
हे प्रभु! नैया पार लगा दो[२], दो चरणों की छाँव।
टूटी फूटी मेरी नैया, तुम बिन कौन खिवैया।
भोग व्यसन के तूफानों में, कोई नहीं बचैया॥
अब तो मुझको दे दो सहारा[२], दुखने लागे पाँव।
शान्तिप्रभु मेरे जीवन...॥ १॥

मिथ्या की आँधी से यह नैया, उल्टी दिशा में जाए।
विषय-कषायों की भँवरों में, डोले व टकराए॥
प्रभु! नाजुक पतवार सँभालो[२], दे दो किनारा गाँव।
शान्तिप्रभु मेरे जीवन...॥ २॥

बुरे-विचारों की लहरों ने, नैया की कमजोर।
राग-द्वेष वाले ज्वार-भाटों का, चंदा करता शोर॥
आसक्ति के खारे जल में[२], मेरा बचा लो बहाव।
शान्तिप्रभु मेरे जीवन...॥ ३॥

भूत पिशाचों के मच्छों ने, नैया की बेहाल।
लेकिन नाम तुम्हारा जप के, होती मालामाल॥
अन्तर बाहर भर दो शान्ति[२], दो निज रूप स्वभाव।
शान्तिप्रभु मेरे जीवन...॥ ४॥

सारी दुनियाँ शान्ति खोजे, राजा रंक फकीर।
जिसको भी तुम मिलते उसकी, सजती है तकदीर॥
'सुव्रत' के मन मन्दिर में आओ[२], ढलने लगी अब साँझ।
शान्तिप्रभु मेरे जीवन...॥ ५॥

===